26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 24 अप्रैल, 2026

अंक- 179 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# परीक्षा में फेल होने पर छात्र ने ओवर ब्रिज से छलांग लगाई

**धामपुर (चिंगारी)।** इंटरमीडिएट की परीक्षा में फेल होने से क्षुब्ध एक छात्र ने 25 फीट ऊंचे नहटौर ओवर ब्रिज से आत्महत्या करने के उद्देश्य से छलांग लगा दी, परंतु नीचे घास और बजरी के मैदान में गिरने से उसकी जान बच गई। परिजन उसे उपचार हेतु बाहर ले गए हैं। जानकारी के अनुसार शेरकोट के मोहल्ला शेखान निवासी अनिल शर्मा के पुत्र देवांश शर्मा ने डीएवी कॉलेज इंटर कालेज शेरकोट से इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कल शाम हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। देवांश शर्मा परीक्षा में फेल हो गया, वह शाम 6:30 बजे शेरकोट से धामपुर आया तथा 25 फीट ऊंचे नहटौर ओवर ब्रिज से उसने नीचे लाइनों पर छलांग लगा दी। गनीमत यह रही कि गिरते समय वह लोहे की पटरी पर न गिरकर बराबर में मिट्टी और बजरी के फर्श पर गिरा। घटना की सूचना पाकर जीआरपी चौकी इंचार्ज



दीपचंद स्टाफ के साथ वहां पहुंचे और घायल छात्र को एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उन्होंने इस घटना कि सूचना छात्र देवांश के परिजनों को दी तो वह धामपुर पहुंचे, देवांश के सर और कमर में चोट लगी हुई है। परिजन उसे उपचार हेतु बाहर ले गए हैं देवांश शर्मा अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र है।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

# बंगाल में मोदी बोले- टीएमसी का दीया बुझने वाला

## बुझता दीया फड़फड़ाता है, महिला आरक्षण पर कहा- बीजेपी बेटियों के सपने नहीं कुचलने देगी



**कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)।** पीएम मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के दमदम में कहा कि टीएमसी का दीया बुझने से पहले फड़फड़ा रहा है। नतीजों के बाद टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि कल पहली चरण की मतदान ने उस पर मोहर लगा दी है। टीएमसी ने बंगाल में लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था। उस बंगाल में पहले चरण में जनता ने लोकतंत्र के मंदिर का पुन:निर्माण कर दिया है। दूसरे चरण में आपको इस लोकतंत्र के मंदिर विजय ध्यज फहराना है। इससे, बंगाल में पहले फेज की वोटिंग के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल में बंपर वोटिंग भय से भरोसे की यात्रा है। भाजपा पहले फेज की 152 सीटों में से 110 सीटें जीत रही है। राज्य में 4 मई को हमारी सरकार बनेगी। हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता महिलाओं की सुरक्षा होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अफवाह फैला रही हैं कि भाजपा का शासन आया तो बंगाल के लोग बाहर कर दिए जाएंगे। मैं दीदी को बताना चाहूंगा कि अगला सीएम बंगाल का ही होगा। वह सिर्फ आपका भतीजा नहीं होगा, बीजेपी का कार्यकर्ता होगा। बंगाल में पहले फेज में 152 सीटों पर रिकॉर्ड 92.72 प्रतिशत मतदान हुआ है। दूसरे फेज में 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। रिजल्ट 4 मई को आएंगे। जिस राज्य की मुख्यमंत्री कहती हो कि महिलाओं को 7 बजे के बाद सड़कों पर निकलने की जरूरत क्या है। मैं कहना चाहूंगा कि 5 तारीख के बाद एक छोटी सी बच्ची भी रात में बिना डर के निकल सकेगी।

## इज़रायल और लेबनान के बीच संघर्ष-विराम तीन हफ़्तों के लिए बढ़ा

इज़रायल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम को तीन हफ़्तों के लिए बढ़ा दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आज यह घोषणा की। यह फ़ैसला व्हाइट हाउस के ओवल ऑफ़िस में श्री ट्रम्प, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वैन्स, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, इज़रायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी, लेबनान में अमेरिका के राजदूत मिशेल ईसा और इज़रायल तथा लेबनान के कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों के बीच हुई एक बैठक में लिया गया। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर कहा, बैठक बहुत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि अमेरिका लेबनान को हिज़्बुल्लाह से रक्षा करने में मदद करने के लिए उसके साथ मिलकर काम करेगा।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
Since 2010
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# गन्ने की फसल काटने को लेकर चल रहा विवाद गरमाया

## किसान यूनियन ने सोमवार को दी गन्ना काटने की चेतावनी

## कोर्ट के आदेश के बावजूद कटाई में बाधा का आरोप, प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंडावर क्षेत्र के मौजा सलारपुर स्थित गाटा संख्या 30 की भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल की कटाई को लेकर विवाद गर्मा गया है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरोप लगाया है कि न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद फसल की कटाई में बाधा डाली जा रही है। भूमिधारक पक्ष को धमकियां दी जा रही हैं।



यूनियन के जिलाध्यक्ष नितिन सिसौदी के अनुसार उक्त भूमि श्रीमती संगीता पत्नी धर्मेंद्र द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व विधिवत खरीदी गई थी, तभी से वे ही खेती कर रही हैं। वर्तमान में खड़ी गन्ने की फसल भी उनके द्वारा बोई गई है। इसके बावजूद कुछ लोग कथित फर्जी वसीयत के आधार पर जमीन पर कब्जा करने और फसल कटवाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि संबंधित दावा न्यायालय द्वारा कई बार खारिज किया जा चुका है। ज्ञापन में कहा गया है कि न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि अग्रीम आदेश तक फसल की बुवाई व कटाई में किसी प्रकार का व्यवधान न किया जाए। इसके बावजूद प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में लगातार हस्तक्षेप की कोशिश हो रही है। पीड़ित पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं और पहले की गई शिकायतों पर भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही प्रशासनिक संरक्षण में गन्ने की कटाई नहीं कराई गई तो 27 अप्रैल को संगठन खेत पर पहुंचकर स्वयं कटाई कराएगा। साथ ही किसी भी कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। यूनियन ने जिलाधिकारी से मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल हस्तक्षेप कर न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में नितिन सिरोही के आलावा नतेन्द्र सिंह, सुखजिंदर सिंह उर्फ़ गोल्डी, सुरेंद्र सिंह, कुलबीर सिंह, समरपाल सिंह, आसिफ सिद्दीकी, लोकेंद्र सिंह, आलोक डागर, नीतू चौधरी, नर्मेंद्र सिंह, दुष्यंत, शुभम चौधरी, अंकुर उर्फ डेनी, मुकुल कुमार त्यागी, ओमप्रकाश सिंह, राकेश कुमार, पुनीत चौहान आदि शामिल थे।

## पूजा हॉस्पिटल ने मंडावली के मदरसे में किया स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली के मदरसा तालीमुद्दीन में नजीबाबाद के पूजा हॉस्पिटल की ओर से एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन पूजा हॉस्पिटल के डॉ. संदीप अग्रवाल व आयोजक वाजिद मकरानी ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्य कैंप में आए मरीजों के बीपी, शुगर, ईसीजी आदि की नि:शुल्क जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाई दी गई। डॉ. संदीप अग्रवाल ने स्वास्थ्य कैंप में आए मरीजों से नियमित रूप से व्यायाम करने के साथ गर्मी से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीने, ताजे फलों का सेवन करने व पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी। स्वास्थ्य कैंप में पूजा हॉस्पिटल के फिजिशियन व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप अग्रवाल, गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र देशवाल, हृदय रोग विशेषज्ञ विपुल बडोनी, डॉ. बुरहान अंसारी, मोहम्मद अनस, मोहम्मद सादिक, रंजन कुमार आदि हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा। इस मौके पर आयोजक जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वाजिद मकरानी, शमशाद आरजू, माजिद हुसैन, शमीम अहमद, अहसान अली, दानिश कस्सार, आजम मंसूरी, आफताब मंसूरी, मोहम्मद अब्बास आदि मौजूद रहे।




## हुरीन व आफरी, जन्नत बनीं विद्यालय की टॉपर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** श्री नारायण दास रस्तोगी बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज किरतपुर के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षाफल में सभी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में हुरीन फातिमा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मरियम सलीम ने 84.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आयत रोजी ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में आफरी जन्नत ने 78.8 प्रतिशत अंक प्रथम प्राप्त किया। इकरा खान ने 78.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और निधि कश्यप ने 77.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह सभी छात्राओं और अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुये छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## उधार दी गई रकम वापस मांगी तो जमकर पिटाई की

**नूरपुर ( चिंगारी )।** उधार दी हुई रकम मांगने पर युवक का अपहरण कर जंगल में पेड़ से बांधकर पिटाई की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। ग्राम फतिहाबाद निवासी ब्रजपाल सिंह पुत्र महावीर सिंह ने बताया कि उससे सौरभ ने कुछ रूपये उधार लिये थे। देने के लिये उसने एक स्टाम्प पेपर पर लिखकर वायदा भी किया था। रूपये मांगने पर सौरभ उसे एक जगह बुलाकर अपने साथियों के साथ जंगल में ले गया, जहां उसे एक पेड़ से बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। दुबारा रूपये न मांगने के लिए तोबा करवाई। वह किसी तरह इनके चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंचा। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मेडिकल कराया तथा आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# पत्नी की हत्या कर शव को बैड पर रखकर बैठा रहा

## पत्नी का जिम जाना पसंद नहीं था

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** कटघर क्षेत्र के डबल फाटक निवासी स्क्रैप कारोबारी शोभित गुप्ता ने पत्नी पूनम के सिर पर लोहे के हैंडल से वार करके हत्या कर दी और शव को बैड पर रखकर करीब सात घंटे तक वहीं बैठा रहा। पहले एंबुलेंस को फोन करके पत्नी के घायल होने की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस बुला ली। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

मुहल्ला डबल फाटक के टावर वाली गली निवासी शोभित गुप्ता की डबल फाटक पर स्क्रैप की दुकान है। शोभित की दस साल पहले रामपुर के बेलदारान निवासी प्रसादी लाल की बेटी पूनम से शादी हुई थी। दोनों की एक बेटी आराध्या है। पूनम गुप्ता प्रतिदिन सुबह जिम जाती थी, जिसका शोभित विरोध करता था। इसी बात को लेकर दोनों में आएदिन विवाद होता था। बुधवार को भी पूनम जिम गई थी, वह सुबह करीब दस बजे जिम से लौटी तो पति-पत्नी में विवाद हो गया। आवेश में आकर शोभित ने घर में रखे शटर खोलने वाले हैंडल से पूनम के सिर पर वार कर दिया, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद शव बैड पर रखकर स्वयं भी पास में बैठ गया। उस दौरान बेटी स्कूल गई थी। बेटी दोपहर में स्कूल से लौटी तो मां के बारे में पूछा, लेकिन शोभित ने कह दिया कि वह कहीं गई है। बेटी को खाना दिया और उसे अपने कमरे में भेज दिया। शाम को शोभित ने सरकारी एंबुलेंस को फोन करके पत्नी घायल होने की जानकारी दी। इसके बाद डायल-112 पुलिस को भी फोन करके भी पत्नी के घायल होने की जानकारी दी। पुलिस ने जाकर देखा तो शव बैड पर पड़ा था।

# दहेज को कर रहे थे परेशान, ससुराल वालों पर मुक़दमा दर्ज

**स्योहारा ( चिंगारी )। दहेज की मांग कर रहे ससुराल वालों पर एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।**

जानकारी के अनुसार नूरी महनाज निवासी मौहल्ला शेखान कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा की शादी मौहल्ले के ही मुनव्वर हुसैन पुत्र स्वर्गीय जमालुददीन उर्फ जुम्मू के साथ 10 मार्च 2022 को हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही नूरी के ससुराल वाले पति मुनव्वर हुसैन, सास फिरदोस जहां व देवर मन्नान दहेज में एक मोटर साइकिल व पचास हजार रूपये नकद की मांग करने लगे और महिला के साथ आयेदिन मारपीट, गाली गलौच करने लगे। नूरी का आरोप है कि उसका पति बार-बार उसे अकेला छोड़कर कई-कई महीने के लिये बिना बताये चला जाता है। जब वह मुनव्वर को कॉल करती है तो मुनव्वर गंदी-गंदी गालियां देता है। पांच जून 2024 को ससुराल वालों ने दहेज को लेकर नूरी से मारपीट कर केवल पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया, तभी से नूरी अपने मायके रह रही है। 8 मार्च 2026 को शाम समय करीब चार बजे नूरी अपने मायके में थी कि तभी फिरदोस जहां व मन्नान आये तथा आते ही कहने लगे कि मोटरसाइकिल और पचास हजार रुपये का क्या हुआ। नूरी ने कहा कि हम बहुत गरीब हैं, दहेज की मांग पूरी नहीं कर सकते। इतना सुनते ही फिरदोस जहां व मन्नान ने नूरी को लात-घूसों से मारना-पीटना शुरु कर दिया। एसपी के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दिया है।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मो. सुफियान जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

**– मो. अफसर पुत्र मो. यूनुस निवासी कलीम कालोनी, काजीपाड़ा, बिजनौर**

# मस्जिद से गुल्लक चुराने का एक आरोपी गिरफ़्तार, चार अभी फ़रार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** 26 दिन पूर्व ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा की मस्जिद/ मदरसे से गुल्लक (दानपात्र) चोरी कर ले जाने वाले एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है, जबकि चार अभियुक्त अभी फरार हैं। ज्ञातव्य है कि नांगल थानांतर्गत ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में बस्ती के बीच मौजूद नूरानी मस्जिद (मदरसा) से विगत 29/30 मार्च की रात्रि में अज्ञात चोरों ने लोहे से निर्मित गुल्लक (दानपात्र) चोरी कर लिया था। चेन द्वारा पिलर से बंधी गुल्लक को चोर चेन का ताला तोड़कर उठाकर ले गये थे। मस्जिद से करीब 700 मीटर दूर स्थित गेहूं के खेत में खाली गुल्लक तथा एक ताला पड़ा हुआ मिला था। मस्जिद कमेटी ने गुल्लक में करीब एक लाख रूपये की दानराशि होने का अनुमान लगाया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि मस्जिद की गुल्लक सुंगरपुर बेहड़ा के ही 5 व्यक्तियों ने चोरी की थी और पैसे आपस में बांट लिये थे। चार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरस्वरूप शर्मा, आरक्षी सोनू चौधरी, रूपक मलिक एवं ऋषि अत्री शामिल रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## सुदृढ़ होती अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था की मुख्य शक्ति भारत की 140 करोड़ जनता तथा निरंतर प्रगति की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाती युवा पीढ़ी है जो खोज, आविष्कार, विज्ञान, तकनीक व उच्च शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में नए-नए मानक बना रही है। दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़े कद का ही परिणाम है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ थोपे जाने के बावजूद भारत के निर्यात में वृद्धि हुई है और यहां तक कि अमेरिका को भी उसका निर्यात बढ़ा है। आज भारत में महंगाई रिकार्ड स्तर पर बहुत कम है तथा जीडीपी वृद्धि दर पिछली तिमाही में 7 प्रतिशत से अधिक रही है। बैठक में उपस्थित अर्थशास्त्रियों ने विश्वास व्यक्त किया कि पिछले वर्ष किए व्यापक आर्थिक सुधारों को तेजी से लागू करने से भारत तेजी से प्रगति करने वाली विश्व अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बनाए रखेगा, उसका आधार और मजबूत होगा तथा वह दुनिया में नए-नए अवसर खोजेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर कहा है कि हमें व्यापक सुधारों के लिए याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने संस्थानों का आधुनिकीकरण किया है, प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाया है तथा देश के दीर्घकालीन समावेशी विकास का रास्ता खोला है। उन्होंने निवेशकों से भारतीय युवा जनसंख्या के अथक प्रयासों और उपलब्धियों का कारण बनने वाले व्यापक आर्थिक सुधारों को रेखांकित करते हुए कहा है कि आज भारत 'रिफार्म एक्सप्रेस' पर सवार है। उन्होंने याद दिलाया कि अब नाभिकीय ऊर्जा क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया गया है, बीमा में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी गई है तथा पुराने 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम संहितायें लागू की गई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले वर्ष किए आर्थिक सुधारों से छोटे बिजनेसों, युवा पेशेवरों, किसानों, कामगारों तथा मध्य वर्ग को लाभ हुआ है। मोदी ने कहा कि ये सुधार उपलब्ध आंकड़ों तथा जनता व अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं को देखते हुए किए गए हैं और इनमें नागरिकों के कल्याण को केन्द्र में रखा गया है।

# पंचायती व्यवस्था लोकतंत्र की नींव

**आज पंचायती राज दिवस पर विशेष**

गांव भारत की आत्मा है, भारत गांवों का देश है। गांव भारत की भौगोलिक इकाइयां ही नहीं हैं, बल्कि देश का सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक मेरुदंड है, जिसके बल पर संपूर्ण भारत गर्व से सीना तानकर विश्व पटल पर अपना मस्तक ऊंचा कर रहा है किंतु यह अवसर और सफलता भारत को यूं ही नहीं प्राप्त हो रहे हैं, इसके पीछे छिपा है हमारा भारतीय दर्शन जिसने समाज की सबसे छोटी इकाई को महत्व दिया। जिसका उदाहरण हमें हमारे वैदिक संस्कृति में मिलता है, जिसमें सभा और समिति का गठन किया जाता था, सब लोग मिलकर प्रशासन, न्याय और नीति का निर्धारण करते थे। भारतीय हिंदू समाज तो पांच देवताओं की पूजा को ही मान्यता देता, जिसमें अलग-अलग देवता की पंचायत है- शिव पंचायतन, विष्णु पंचायतन आदि। मौर्य साम्राज्य में गांव का प्रमुख ग्रामिक कहलाता था। वहीं गुप्त साम्राज्य में भी गांव स्वायत्त व्यवस्था से चलते थे, चोल साम्राज्य में भी 'उर' तथा 'सभा' नाम की संस्थाएं थीं तथा कुरावोलाई पद्धति (चुनाव प्रणाली) भी थे। भारत में पंचों को परमेश्वर की संज्ञा दी जाती है। प्राचीन भारत और उसका दर्शन स्व-शासन का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। गांव सदैव से ही आत्मनिर्भर इकाई रहे हैं, गांव में पांच श्रेष्ठ लोग पंच कहलाते थे, जो सबके हित में फैसला लेते थे और इसे ही पंचायत कहा जाता था, अर्थात स्थानीय स्तर पर न्याय और प्रशासन। हालांकि ब्रिटिश काल में उनके द्वारा केंद्रीयकृत व्यवस्था लागू करने से पंचायत की शक्ति कुछ कम हुई, किंतु स्थानीय स्व-शासन के महत्व को समझते हुए सन् 1882 में लॉर्ड रिपन ने इसे बढ़ावा देने का प्रयास किया और इसके लिए लॉर्ड रिपन को भारत में स्थानीय स्व-शासन का जनक कहा गया। सन् 1947 में देश आजाद हुआ और आजादी के बाद नेताओं का विचार रहा कि लोकतंत्र दिल्ली अथवा राज्य तक सीमित न रहे, बल्कि गांव तक भी पहुंचे, इसलिए पंचायत को मजबूत करने का विचार उत्पन्न हुआ। पंडित जवाहरलाल नेहरू का तो पहले से ही विचार था कि गांव भारत की आत्मा हैं और पंचायत लोकतंत्र की नींव है। महात्मा गांधी भी गांव को बड़ा महत्व देते थे उनकी बुनियादी शिक्षा ग्राम स्तर को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग देने वाली शिक्षा प्रणाली साबित हुई। सरकार ने सन् 1957 में बलवंत राय मेहता ने समिति का गठन किया। इस समिति ने अपने सुझाव में तीन स्तरीय प्रणाली तथा ग्राम स्तर पर जनता की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया, यहीं से आधुनिक पंचायती राज की नींव पड़ी, 2 अक्टूबर 1959 को नागौर (राजस्थान) में पंडित जवाहरलाल नेहरू के द्वारा पंचायती राज की शुरुआत की गई। शुरुआत के बाद कुछ समस्याएं भी आईं, जैसे नियमित चुनाव न होना, राज्य सरकार का अधिक नियंत्रण आदि। इन सभी समस्याओं के निराकरण हेतु तत्कालीन सरकार ने अनेक समितियां बनाईं जैसे अशोक मेहता समिति, जी.वी.के. राव समिति, एल.एम. सिंघवी समिति, इन सभी समितियों ने अपने सुझाव प्रेषित किए और फिर वह ऐतिहासिक दिन आया, जब 1992 में पंचायत को संविधान में शामिल किया गया। 73 वें संविधान संशोधन को 24 अप्रैल 1993 में लागू किया गया और पहली बार पंचायत को कानूनी और संवैधानिक अधिकार मिले, जिसके लिए मुख्य पहल करने का श्रेय जाता है स्व. राजीव गांधी को जिन्होंने 1989 में ही पंचायत को संवैधानिक दर्जा देने के लिए प्रयास किया, उनका मानना था कि सत्ता सीधे जनता तक जानी चाहिए। वह कहते थे कि भारत का लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब उसकी जड़ें गांव तक पहुंचेंगी। हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि शक्ति कुछ ही हाथों में केंद्रित हो गई है, सरकार योजनाएं बनाती है लेकिन नीचे गांव स्तर तक पहुंचने में बीच के स्तर बाधक बन जाते हैं। इसलिए इसका समाधान है-सीधे पंचायत को अधिकार। इन्हीं सब प्रयासों के चलते पीवी नरसिंह राव के नेतृत्व में यह संशोधन पास हुआ। उनका मत था- लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक मजबूत करना और विकास योजनाओं को प्रभावी बनाना। हमारी दार्शनिक विचारधारा नीचे से ऊपर गतिशीलता की रही है, भारत का विकास भी ऊपर से नीचे नहीं, अपितु नीचे से ऊपर होना चाहिए। इसी सोच ने लोकतंत्र को गांव तक पहुंचाया। महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास निरंतर जारी है, योजनाओं की पहुंच सीधे पंचायत के माध्यम से आम जनमानस को प्राप्त हो रही है, किंतु अभी भी कुछ समस्याओं का निराकरण होना आवश्यक है। पंचायत के पास पूरी वित्तीय शक्ति नहीं है, भ्रष्टाचार को दूर करना बड़ी चुनौती है, लोगों में जागरूकता और प्रशिक्षण का अभाव है, महिलाओं को और सशक्त बनाने का कार्य करना होगा। हालांकि वर्तमान नेतृत्व भी इस ओर अपना प्रयास करता दिख रहा है- ग्राम स्वराज, पंचायतों का डिजिटलीकरण, सीधे लाभ तथा योजनाओं की निगरानी के प्रति कार्य हो रहे हैं। कई राज्यों में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत तक हो गई है, महिला सरपंच और प्रधान की संख्या बड़ी है। स्वच्छ भारत मिशन, आत्मनिर्भर भारत अभियान इस दिशा में सार्थक पहल के रूप में दिखाई देते हैं किंतु विकसित भारत के लिए गांवों को पारदर्शी तरीके से सशक्त तथा सुदृढ़ होना चाहिए, जिसके लिए पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है।



**निखिल भारद्वाज**
असि. प्रोफेसर (बी. एड. विभाग)
रामा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, किरतपुर (जिला बिजनौर)

# सफलता पाने के लिये अनुशासन भी ज़रूरी

मनुष्य विशेषत: युवाओं को किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए जहां एकाग्रता, लग्नशीलता व मेहनत आवश्यक है, वहीं इन सबके साथ उसका अनुशासित होना भी जरूरी है। यदि उसमें अनुशासन का गुण न हो तो उसकी लगन, मेहनत व एकाग्रता का कोई महत्व नहीं रह जाता। यदि यह कहा जाये कि व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र की उन्नति का आधार अनुशासन ही है तो कोई गलत नहीं होगा। यदि अनुशासन के सामान्य अर्थ पर विचार किया जाये तो यह स्वयं पर नियंत्रण, माता-पिता, गुरुओं तथा पथ प्रदर्शकों की आज्ञा का पालन करना अथवा उनके आदेश के अनुसार कार्य करना ही है। मनुष्य की सफलता में अनुशासन का विशेष महत्व होता है। जब मनुष्य अनुशासन के नियंत्रण में रहकर चलता है तो उसके समस्त कार्य पूर्ण होते हैं, लेकिन यदि वह जरा सी भी अनुशासनहीनता दिखाता है, तो उसके कार्य में व्यवधान आ जाता है। इसलिए मनुष्य को अपनों से बड़ों के आदेशों का पालन करना आवश्यक होता है। परिवार में माता, पिता, विद्यालय में गुरुजन तथा समाज के बड़े व्यक्तियों का आदेश मानना ही अनुशासन कहलाता है। संसार में प्रत्येक प्राकृतिक वस्तु भी नियमानुसार अनुशास में रहकर चल रही है। जिस प्रकार सूर्य प्रात: काल उदय होकर सायंकाल अस्ताचल की ओर अग्रसर होता है, उसी प्रकार चन्द्रिका से विभूषित होकर रात्रि भी तारों से स्वयं को सजाकर आती है और प्रात: उषा की मनमोहक लाली में डूब जाती है। इसी प्रकार वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति को अनुशासन में रहकर अपने कार्य को नियमपूर्वक करना आवश्यक है। विद्यार्थी और अनुशासन में तो बहुत गहरा संबंध होता है। प्रत्येक विद्यार्थी/शिक्षार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन का पालन करना अतिआवश्यक है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अनुशासित व्यक्ति दूसरों की अपेक्षा 'विशेष' दिखाई देता है। ऐसे व्यक्ति का प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान होता है और हर कदम पर उसे सफलता प्राप्त होती है। यदि यह कहा जाये कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन का भी विशेष महत्व है तो कोई गलत नहीं होगा। विद्यार्थियों व युवाओं को राष्ट्र का भावी निर्माता कहा जाता है, इसलिए उसका अनुशासन में रहना स्वयं उसके लिए ही नहीं बल्कि समाज एवं राष्ट्र के हित में अत्यंत आवश्यक है।



**-हरिओम विश्नोई**
गुरुद्वारा रोड, नई बस्ती, बिजनौर

# यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम देख गद्‌गद्‌ हुये विद्यार्थी और उनके अभिभावक

## मानियावाला की बिटिया सृष्टि चौहान बनी जिला टॉपर

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** गुरुवार की अपराह्न यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम देखकर विद्यार्थी गद्‌गद्‌ हो उठे। इस बार भी छात्रों के मुकाबले छात्राओं ने बाजी मारी। क्षेत्र के ग्राम मानियावाला की बिटिया सृष्टि चौहान पुत्री सीताराम चौहान ने हाईस्कूल में जिला टॉप कर अपने घर-परिवार व स्कूल का नाम ऊंचा कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया, जबकि लॉर्ड कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज भगतावाला की 5 छात्राओं ने टॉप 10 की लिस्ट में शामिल होकर नाम रोशन किया। मेधावी बच्चों को परिजनों ने रिजल्ट देखते ही सीने से लगा लिया और परिजनों, सहित शिक्षा प्रेमियों ने उनका मुंह मीठा कराकर उन्हें बधाई एवं आशीर्वाद दिया।


सृष्टि चौहान

हाईस्कूल की जिला टॉपर सृष्टि चौहान राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज आसफाबाद चमन की होनहार छात्रा है जिसने 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला स्थित एलकेपी इंटर कॉलेज की हाईस्कूल कक्षा की छात्रा मुद्रिका चौहान पुत्री दुष्यंत कुमार निवासी ग्राम सादकपुर ने 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान, कु. दृष्टि पुत्री गजराम सिंह निवासी ग्राम हर्रावाला ने 92.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान, कु. मुस्कान पुत्री अनिल कुमार निवासी ग्राम उदयपुर ने 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद के टॉप टेन में छठा स्थान एवं कु. अरूणा पुत्री मनीष कुमार एवं राजबाला देवी इंटर कॉलेज सीरवासुचंद की छात्रा महक चौहान ने बराबर-बराबर 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी ओर इंटरमीडिएट कक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ की छात्रा कु. रिया पुत्री रोहिताश सिंह ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में आठवां स्थान एवं एलकेपी इंटर कॉलेज भगतावाला की छात्रा कु. डोली पुत्री यतेन्द्र सिंह ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त कर स्कूल, घर-परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## एलकेपी इंटर कॉलेज की 5 छात्राएं टॉप 10 में शामिल



मुद्रिका चौहान


कु. दृष्टि


कु. मुस्कान


कु. अरूणा


डोली


कु. रिया

## वीरा कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

### छात्र-छात्राओं को कानूनों व योजनाओं की दी जानकारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के तत्वावधान में गुरुवार को बैराज रोड स्थित वीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों तथा जनपद न्यायाधीश संजय कुमार सक्षम के मार्गदर्शन में किया गया।

शिविर की अध्यक्षता प्राधिकरण की सचिव सुश्री नैन्सी धुन्ना ने की, जबकि संचालन श्रीमती श्वेता शर्मा ने किया। इस अवसर पर सचिव ने छात्र-छात्राओं को नालसा की विभिन्न योजनाओं- डॉन यूनिट, आशा, जागृति, संवाद और साथी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही दहेज प्रतिषेध कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक अपराधों से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971 तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत मिलने वाले अधिकारों के बारे में जागरूक किया। आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इसमें विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर सरल और त्वरित निस्तारण किया जा सकता है। इस दौरान कॉलेज के निदेशक डॉ. अमित कुमार बंसल, डीन मनोज कुशवाहा, डॉ. लोकेश कुमार, छात्र-छात्राएं एवं प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र का Tes चयन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर के कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र प्रणव मलिक का टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड कम्पनी में सिस्टम इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है। छात्र प्रणव मलिक ने बताया कि चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को सफलतापूर्वक पार करते हुए उन्होंने विश्व प्रसिद्ध कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड का ऑफर लेटर प्राप्त किया है। उनका वार्षिक सैलरी पैकेज 7,09,380 रुपये है। यह उनके और उनके परिवार के लिए सौभाग्य व खुशी का अवसर है। कॉलेज सचिव कुंवर उदयन वीरा, कुं रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) व स्वाति वीरा महाजन (सचिव रेडियो संदेश बिजनौर 89.6) ने कहा कि यह बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र शिक्षा क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर विश्व स्तरीय मल्टीनेशनल कंपनियों में नियुक्ति पा रहे हैं। इस अवसर पर संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने छात्र प्रणव मलिक को प्लेसमेंट होने पर बधाई दी।

## सेंट मैरी स्कूल में छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने शपथ ली

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर में विद्यालय कैबिनेट के गठन हेतु भव्य पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत, तिलक एवं पुष्प स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र परिषद को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें बैज एवं ध्वज प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नये कैबिनेट को जिम्मेदारियों का हस्तांतरण किया गया।



विद्यालय के प्रबंधक फादर शाजू ने अपने संबोधन में अनुशासन के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में व्यक्तिगत व्यवहार, अध्ययन और आर्थिक जिम्मेदारियों में अनुशासन आवश्यक है। उन्होंने पूर्व कैबिनेट एवं शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों से नये कैबिनेट के साथ सहयोग करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी ने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय कैबिनेट में हेड ब्वॉय के रूप में मोहम्मद आतिफ तथा हेड गर्ल के रूप में माही अग्रवाल का चयन हुआ। सहायक हेड ब्वॉय प्रणव गोयल एवं सहायक हेड गर्ल अक्षरा पंडित चुनी गईं। सांस्कृतिक कप्तान के रूप में एडिता थॉमस एवं अलंकृत गुप्ता, अनुशासन कप्तान के रूप में आयुष अग्रवाल एवं मालविका शर्मा, साहित्यिक कप्तान के रूप में अथर्व चौधरी एवं अक्षरा सिंह तथा खेल कप्तान के रूप में शिवांश भार्गव एवं हर्षिका राजपूत को जिम्मेदारी सौंपी गई। जनरल सेक्रेटरी के रूप में पुष्प सिंघल, जियाना धाडरवाल एवं जॉइंट सेक्रेटरी के रूप में शाश्वत सिंह, वैभव देशवाल, जारा खान एवं जाह्नवी चौधरी का चयन किया गया। विद्यालय प्रवक्ता आदित्य खन्ना ने बताया कि 8 अप्रैल को प्राइमरी वर्ग का पदग्रहण समारोह हुआ, जिसमें हेड ब्वॉय के रूप में माणिक त्यागी तथा हेड गर्ल के रूप में सान्वी अहलावत का चयन किया गया।

# शत-प्रतिशत रहा विद्यालय का परीक्षा परिणाम



**धामपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती से सम्बद्ध मां शान्ति बाई सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज जैतरा का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। कुल 66 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 56 प्रथम श्रेणी में तथा 10 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बहिन अंशिका सैनी ने 523 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान शौर्य अग्रवाल (512 अंक) अदिति सक्सेना (506 अंक) तृतीय स्थान प्राप्त किया। इण्टर बोर्ड परीक्षा में 63 भैया बहिनें उत्तीर्ण हुए। जिनमें 32 प्रथम श्रेणी में तथा 31 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रथम स्थान भैया राजवर्धन सागर ने 410 अंक प्राप्त करके किया। बहिन प्रज्ञा चौहान एवं पलक ने 363 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भैया सिफान ने 357 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# घटते लिंग अनुपात के मद्देनजर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



जनता को जागरुक करते हुए जयवीर सिंह सिसोदिया।

**धामपुर (चिंगारी)।** महाराणा प्रताप इण्टर कॉलिज हबीबवाला में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर द्वारा निर्देशित 'लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1996' विषय पर एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

पी.एल.वी. जयवीर सिहं सिसोदिया ने बताया कि यह कानून भ्रूण हत्या को रोकने और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण जांच पर प्रतिबंध लगाकर घटते लिंग अनुपात को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया है। प्रसवकाल में लिंग चयन तकनीकों को भी शामिल करके कानून को सख्त बनाने के लिए 2003 व 2011 में संशोधन किए गए है। इस अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले अपराध संज्ञेय, गैर जमानती और गैर-समझौता योग्य बना दिया गया है। लिंगानुपात 1;1 होना चाहिए। 2011 की जनगणना अनुसार 1000;943 है। लिंगानुपात में सुधार आवश्यक है।

शिविर में शाहनवाज, अंजलि पी.एल.वी. राजीव कुमार, गजेन्द्र कुमार, सुनील आदि उपस्थित रहे।

# जनगणना जिला प्रभारी ने प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया

**धामपुर (चिंगारी)।** जनगणना प्रशिक्षण के द्वितीय बैच के प्रथम दिन में जनगणना जिला प्रभारी जयप्रकाश यादव द्वारा प्रशिक्षण केंद्र केएम इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जयप्रकाश यादव द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण केंद्र पर आए हुए सुपरवाइजर एवं प्रगणक के लिए नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा उचित व्यवस्थाएं जैसे कि भोजन, लेखन सामग्री और ट्रेनिंग संबंधित सभी उपकरण पूर्ण रूप से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस दौरान फील्ड ट्रेनिंग के रूप में प्रदीप कुमार राजपूत, गौरव कुमार शर्मा, नगर पालिका से सहायक चार्ज अधिकारी हेमेंद्र सिंह, जनगणना लिपिक तरुण कुमार, जनगणना ऑपरेटर शिवम गोस्वामी मौजूद रहे।

# राम नाम का मतवाला है, लाल लंगोटे वाला है



**धामपुर (चिंगारी)।** मौहल्ला बाड्वान स्थित स्थित दीपक वर्मा के आवास पर श्रीमद् हनुमान भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन वह तो राम नाम का मतवाला है लाल लंगोटे वाला है यह भजन सबको खूब पसंद आया सबने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट करके सजाया सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में वीरेंद्र वर्मा उषा वर्मा दीपक वर्मा शिवानी वर्मा पंपी वर्मा ममता वर्मा वंश वर्मा गौरी वर्मा हिमांशु वर्मा चांदनी वर्मा सुशील वर्मा सलोनी वर्मा अमित वर्मा माही वर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के मनोज रस्तोगी महंत राहुल अग्रवाल प्रीतम सैनी राम प्रकाश वर्मा संदीप भारद्वाज विपिन चंद्र सत्येंद्र शर्मा निखिल अरोड़ा सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# पृथ्वी दिवस पर हरियाली बचाये रखने का संकल्प लिया

**धामपुर (चिंगारी)।** विश्व पृथ्वी दिवस पर ईको क्लब प्राथमिक विद्यालय ढक्का कर्मचंद 2 के बच्चों ने धरती की हरियाली को बचाए रखने और जन-जागरूकता के लिए संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार शर्मा ने बढ़ते तापमान के कारण हो रहे संचारी रोगों पर चर्चा करते हुए उनसे बचने के लिए खान-पान की स्वच्छता और नियमित दिनचर्या के संबंध में बच्चों को जागरूक किया। ईको क्लब प्रभारी स.अ. शालिनी चौहान ने अपनी टीम के ईको वालंटियर्स के साथ विचार विमर्श करते हुए पृथ्वी को बचाए रखने के लिए हरियाली बचाने और पौधे लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। स.अ.शिक्षक प्रियांशु चौहान ने पृथ्वी पर बढ़ते तापमान को जीवधारियों के लिए हानिकारक बताते हुए इससे बचने के लिए उपायों पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षामित्र कपिल कुमार, कृष्णा कुमारी, आंगनबाड़ी की राजबाला,रुपा रानी ने भी इस अवसर पर समसामयिक विचार व्यक्त करते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया। ईको क्लब टीम अध्यक्ष अलकमा, बहरीन, आयशा, खुशी, मोहम्मद शाद, हस्सान आदि ने पृथ्वी दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पौधे रोपने का संकल्प लिया।

# जनपद में पाया तीसरा स्थान, इंटर के छात्र विनायक का किया सम्मान



उत्तीर्ण छात्र को मिठाई खिलाते हुए शिक्षक।

**धामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा कल जारी इंटरमीडिएट तथा हाई स्कूल के परिणाम आने पर विनायक कुमार प्रजापति ने जनपद में तीसरा स्थान 90.8 अंक प्राप्त कर विद्यालय आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। आज विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनिल कुमार देवरा के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षकों ने विनायक कुमार के घर मोहल्ला फतेहनगर शेरकोट में उनको फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विनायक कुमार को अनिल कुमार के द्वारा मुंह मीठा कराया गया। विद्यालय परिवार के देवराज सिंह, राजेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, श्रीमती अमनप्रीत कौर, विनोद कुमार जिला मंत्री, अभिषेक कुमार आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छात्र के पिताजी सुभाष प्रजापति, माता गीता देवी तथा बाबा शोनाथ सिंह, चाचा सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं पर दें ध्यान, शीघ्र करें इनका निदान

### उत्तराखण्ड विकास समिति की प्रशासन से मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखण्ड विकास समिति की अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला की अध्यक्षता में जौनपुर स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समिति के सदस्यों ने प्रदेश सरकार के सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने में उदासीन रूख अपनाने सहित कई समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान की मांग की गई।

सदस्यों ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद भी सरकार सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने में किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं कर पा रही है। जनहित में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। साथ ही सदस्यों ने सीवरेज लाइन का पुन- सर्वे कर लाइन की क्षमता बढ़ाने, गर्मियों में बढ़ती पेयजल समस्या का निस्तारण करने, शहर में बढ़ते बेसहारा गौवंश, पार्किंग की समस्या व भाबर क्षेत्र में सिटी बस चलाने पर भी चर्चा करते हुए कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए समिति पदाधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शीघ्र वार्ता करेंगे। मौके पर संसद में महिला आरक्षण बिल पास न होने पर निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, हसवंत सिंह, अजय रावत, मनमोहन सिंह, विजय नेगी, शंशाक रावत, शशि मोहन उनियाल, कलावती बिष्ट और बृजमोहन ममगांई सहित समिति से जुड़े अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# रोवर्स रेंजर्स को तम्बू एवं मचान बनाना सिखाया

### प्रशिक्षण शिविर का समापन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में चल रहे रोवर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया है। इस दौरान रोवर्स व रेंजर्स ने प्रशिक्षण के अनुभव को सभी के साथ साझा किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन के प्रथम सत्र में महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ. सुषमा भट्ट थलेड़ी ने रोवर्स-रेंजर को अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक शांति रतूड़ी ने रोवर्स रेंजर को तम्बू निर्माण व मंकी ब्रिज गैजेट बनाने की जानकारी दी। प्रशिक्षक रूप चंद्र लखेड़ा ने मचान बनाने की जानकारी के साथ ही बेडेन पावेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। मौके पर दोनों प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों से बिगनर्स कोर्स तक ही सीमित न रहकर निपुण राष्ट्रपति पुरस्कार तक प्रतिभाग करने को गंभीरता से प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी, प्रोफेसर रमेश सिंह चौहान, प्रोफेसर आशा देवी, डॉ. सुषमा भट्ट थलेड़ी, डॉ. सुरभि मिश्रा और अरविन्द दुदपुड़ी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# डीएम ने नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की

## नकलविहीन व सुव्यवस्थित परीक्षा के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 3 मई 2026 को आयोजित होने वाली नीट (NEET) परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीडीओ ने कहा कि जिले में अधिक से अधिक अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा को नकलविहीन, सुव्यवस्थित और निर्बाध रूप से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जाए और किसी भी कमी को तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर क्लॉक रूम की व्यवस्था की जाए और अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। साथ ही सभी केंद्रों के प्रवेश एवं निकास द्वारों, गलियारों और परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए।

सीडीओ ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए जनरेटर की व्यवस्था अनिवार्य करने के निर्देश दिये। परिवहन विभाग को अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करने तथा स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। पुलिस विभाग को परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त बल तैनात करने और संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही नकल रोकने के लिए सख्त कदम उठाने पर जोर दिया गया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, एएसपी प्रकाश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव सहित सभी उपजिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नोएडा में आंदोलन के दौरान गिरफ्तार मजदूरों की रिहाई की मांग

## किसान सभा ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया

**चांदपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय किसान सभा ने नोएडा में आन्दोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए मजदूरों, मजदूर नेताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को तत्काल रिहा किये जाने एवं उनके विरुद्ध दर्ज किये गये मुकदमे वापस लिए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर तहसील में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम तहसीलदार चांदपुर को ज्ञापन दिया।



गुरुवार को किसान सभा कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा राज्यपाल के नाम तहसीलदार चांदपुर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में राजनैतिक दलों व संगठनों द्वारा जनता की जायज मांगों को लेकर किये जाने वाले शांतिपूर्ण धरने प्रदर्शन को न रोके जाने तथा प्रशासन द्वारा भेदभावपूर्ण व्यवहार न किये जाने, नोएडा और अन्य जगहों पर श्रमिकों के वेतन वृद्धि तथा श्रम कानूनों को लागू किये जाने की मांग को लेकर चलाए जा रहे आन्दोलन पर रोक लगाना बन्द कर उनकी जायज मांगों को पूरा किये जाने, प्रदेश के प्रत्येक जिले में जनसंगठनों तथा विपक्षी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को बेवजह गिरफ्तार करना, उन्हें हाउस अरेस्ट करना, उनके विरुद्ध फर्जी मुकदमे दर्ज करना व जेल भेजना आम बात हो गई है, इस पर सख्ती के साथ रोक लगाई जाए। नोएडा मजदूर आंदोलन के सम्बन्ध में तत्काल सभी श्रमिक संगठनों और सरकार के बीच वार्ता की जाए और मजदूरों की जायज मांगों पर विचार किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में का. अमर सिंह सैनी, का. बदरूल हसन, का. भारत सिंह, अमर सिंह, कुलदीप गुप्ता एडवोकेट, रामअवतार सिंह आदि शामिल थे।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

## कई पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी



**बिजनौर (चिंगारी)।** इंदिरा बाल भवन में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला कार्यकारिणी के विस्तार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न पदों पर नये पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह और जिला महामंत्री जाकिर हुसैन ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जयप्रकाश पाल को जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, भूपेंद्र पाल सिंह, सतीश कुमार, कपिल कुमार और सरताज अहमद को जिला उपाध्यक्ष, युसूफ अहमद को संयुक्त मंत्री, नरेंद्र कुमार और विमल को जिला प्रभारी, अंजुर कश्यप को संगठन मंत्री, मनोज कुमार को जिला मंत्री तथा नरेश कुमार को जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम गोपाल सिंह, गौतम (पूर्व प्रदेश संप्रेक्षक एवं मंडल अध्यक्ष, मुरादाबाद) के संरक्षण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वह कर्मचारियों के हितों के लिए हर समय तत्पर रहेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# तालिब बंधुओं की जमानत अर्जी पर अब 29 को सुनवाई

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला एवं सत्र न्यायालय में तालिब बंधुओं की जमानत याचिका पर अब 29 अप्रैल को सुनवाई की जायेगी। सीजेएम प्रीति चौधरी द्वारा तालिब खालिद बंधुओं की जमानत याचिका निरस्त करने पर इनके अधिवक्ताओं ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल की थी, जिस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने इस पर बहस हेतु 23 अप्रैल तारीख नियत की थी, 23 अप्रैल को शासकीय अधिवक्ता द्वारा बहस की तैयारी पूरी न होने के कारण बहस करने हेतु न्यायालय से समय मांगा। जिस पर सुनवाई करते हुए जमानत याचिका पर बहस नहीं हो सकी। बहस के लिए सुनवाई हेतु 29 अप्रैल नियत की है। तब तक तीनों भाइयों को जेल में ही रहना होगा। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल को बिजनौर में चांदपुर की चुंगी पर आरामशीन की जांच के दौरान पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह व उनके समर्थकों पर हमले के आरोप में नामजद कारोबारी तालिब बंधुओं पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया था। एक अप्रैल को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुनने के बाद तालिब, खालिद और आबिद को जेल भेज दिया था।

# बर्तन भण्डार का उद्घाटन



बर्तन भंडार का उद्घाटन करते रविन्द्र सिंह।

**नूरपुर (चिंगारी)।** नूरपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सुख-सुविधाएं पहुंचाने और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ क्षेत्र के गांव गल्लाखेड़ी में दीपाली बर्तन भण्डार खुला। बृहस्पतिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बर्तन भंडार का उद्घाटन फीता काटकर किया। कार्यक्रम में अतिथियों का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब गांव के लोगों को बर्तन ब्रांडेड प्रेशर कूकर, मिक्सर मशीन व दैनिक उपयोग के बर्तन खरीदने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के युवा प्रदेश प्रभारी तसलीम अहमद इदरीसी, युवा जिला प्रभारी संदीप जोशी, नगर अध्यक्ष युवा मुकुल गुप्ता व गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# आरजेपी इंटर कॉलेज का रिजल्ट रहा शानदार

## राजन ने किया विद्यालय टॉप, अलीम रहे दूसरे स्थान पर

**बिजनौर (चिंगारी)।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर का बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षाफल उत्तम रहा। विज्ञान वर्ग में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजन पुत्र श्री प्रमोद कुमार प्रथम स्थान पर, 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अलीम लतीफ पुत्र लतीफ अहमद द्वितीय स्थान पर तथा जतिन कुमार पुत्र सुनील 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रहे। कला वर्ग में तनिष्क राजपूत ने 77.4 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रितिक ने 75.6 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा मयंक कुमार ने 72.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में सौरभ पाल 85.3 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जुनैद ने विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं उदित कुमार ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृषि वर्ग में 100



प्रतिशत रिजल्ट रहा। आर्यन राजपूत 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, आर्यन चौधरी 82.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा शरद कुमार 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। प्रथम स्थान पर रोहित कुमार पुत्र श्री गुड्डू ने 85.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कृष्णा पुत्र मदनपाल ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं निखिल पुत्र श्री देवराज सिंह ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य आसिफ गय्यूर ने भी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की। रिजल्ट घोषित होने के अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल, उपप्रधानाचार्य बालेश कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता सुभाष बाबू राजपूत, विनोद यादव, चंद्रहास सिंह, सत्यप्रकाश गंगवार, भूपेंद्र पाल सिंह, जय प्रकाश, विनीत कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, मोहम्मद अनस, नरेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, विपिन कुमार, प्रधान लिपिक राजेंद्र कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षाओं में बेटियों का वर्चस्व रहा बरक़रार

## हाईस्कूल में सृष्टि व इंटर में अक्षित बने टॉपर



### बिजनौर में शानदार रहा परीक्षा परिणाम



जिला टॉपर सृष्टि चौहान अक्षित चौहान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस बार बेटियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए बेटों से लंबी छलांग लगाई है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाओं में छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों से काफी अधिक रहा। पिछले कई वर्षों की तरह इस बार भी अधिक अंक प्राप्त करने का रिकॉर्ड बेटियों ने अपने नाम किया है। जिले का कुल परीक्षा परिणाम भी उत्साहजनक रहा है। हाईस्कूल में 89.84 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 82.85 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल में सृष्टि चौहान ने 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया, जबकि इंटरमीडिएट में अक्षित चौहान 91.80 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर बने।

### इंटर में 82.85 व हाईस्कूल में 89.84 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हाईस्कूल का परीक्षाफल 89.84 प्रतिशत रहा है, जबकि इंटर में 82.85 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल में राखी मेमोरियल विद्या मंदिर गर्ल्स इंटर कालेज आसफाबाद चमन की सृष्टि चौहान ने 95.83 प्रतिशत अंकों के साथ जिला टॉप किया है। इंटर में आरआर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज धामपुर के अक्षित चौहान 91.80 प्रतिशत अंकों के साथ जिला टॉपर बने हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले में 86 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा में नामांकन कराया था, जिले में परीक्षा नकलविहीन संपन्न हुई थी। गुरुवार शाम को परीक्षाफल घोषित किया गया। परीक्षाफल घोषित होने से पहले ही मेधावी विद्यार्थी स्कूलों में आने लगे थे। पिछले वर्ष हाईस्कूल का परीक्षाफल 86.68 और इंटर का परीक्षाफल 84.87 था। इस बार हाईस्कूल का परीक्षाफल बढ़ा है, जबकि इंटर में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या कुछ कम हुई है। इस वर्ष हाईस्कूल का परीक्षाफल 89.84 और इंटर का 82.85 प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में राखी मेमोरियल विद्या मंदिर गर्ल्स इंटर कालेज आसफाबाद चमन की सृष्टि चौहान ने 95.83 प्रतिशत अंकों के साथ जिला टॉप किया है। टॉपर लिस्ट से अलग भी विद्यार्थियों ने परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त किए हैं।



पिता के साथ अक्षित चौहान



सृष्टि चौहान को मिठाई खिलाते हुए परिजन।

### इंटर के टॉपर

- ❖अक्षित चौहान 91.80, आरआर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,धामपुर
- ❖आकृति सिंह 91.60, एलकेएस बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज,धामपुर
- ❖विनायक कुमार 90.80, आरएसएम इंटर कालेज,भोलारामपुर (धामपुर)
- ❖श्रेयांक 90.00, आरआर सरस्वती विद्या मंदिर,धामपुर
- ❖सिद्धांत सिंह 90.00, नांगलजट इंटर कालेज,नांगलजट (बिजनौर)
- ❖राजन 89.60, आरजेपी आर्य इंटर कालेज,बिजनौर
- ❖आकाश कुमार 89.40, आरआर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,धामपुर
- ❖कविता रानी 89.40, डीआरवीएस विद्या मंदिर इंटर कालेज, हबीबवाला
- ❖कुलदीप कुमार 89.00, बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,नहटौर
- ❖प्रिंस राजपूत 88.60 प्रतिशत, आरआर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,धामपुर
- ❖अनिरूद्ध सिंह 88.60, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,नूरपुर
- ❖रिया 88.60, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,अफजलगढ़
- ❖मनीष चौहान 88.60, तिरमल सिंह मेमोरियल इंटर कालेज, शहजादपुर(बिजनौर)
- ❖मुस्कान वर्मा 88.20, हिंदू इंटर कालेज, नगीना (बिजनौर)
- ❖ऋषभ कुमार 88.00, एमडीआइसी आर्यनगर, ढाकी साहो (बिजनौर)
- ❖वाणी चौहान 88.00, निर्मला गोकुल एसवाई सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,नजीबाबाद
- ❖डाली चौहान 88.00, एलकेपी इंटर कालेज,भगतावाला

### हाईस्कूल के टॉपर

- ➢सृष्टि चौहान 95.83, राखी मेमोरियल विद्या मंदिर गर्ल्स इंटर कालेज,आसफाबाद चमन
- ➢प्राची 94.17, किसान इंटर कालेज,केलनपुर
- ➢मुद्रिका चौहान 94.17, एलकेपी इंटर कालेज,भगतावाला
- ➢नेहा रवि 92.83, सेंट मेरिज इंटर कालेज,मंडावली
- ➢दृष्टि चौहान 92.83, एलकेपी इंटर कालेज,भगवतावाला
- ➢सूर्यांश सैनी 92.50, आरआर सस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,धामपुर
- ➢नेहा सैनी 92.50 , सेंट स्टीफन हाईस्कूल फैजीपुर,चांदपुर
- ➢मुनीर अहमद अंसारी 92.33, एमएम इंटर कालेज,नगीना ( बिजनौर )
- ➢नीतीश कुमार 92.33, सेंट मेरिज इंटर कालेज फतेहाबाद,नूरपुर
- ➢शुभि विश्वकर्मा 92.33, किसान इंटर कालेज,केलनपुर ( बिजनौर )
- ➢तनुश्री 92.33, सेंट पाल्स हाईस्कूल,मंडावर
- ➢रूद्र प्रताप 92.17, आरआर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,धामपुर
- ➢मुस्कान कुमारी 92.17, एलकेपी इंटर कालेज, भगतावाला ( बिजनौर )
- ➢नीशु 92.17, एमएस हाइयर सेकेंडी स्कूल, लख्मीधर
- ➢शिवांगी राजपूत 92.00, साहू सीदास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,नजीबाबाद
- ➢कनिका सिंह 92.00, सेंट मेरिज इंटर कालेज फतेहाबाद,नूरपुर ( बिजनौर )
- ➢इशांत शर्मा 92.00, बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,बिजनौर
- ➢वंश चौहान 92.00, श्री हरि सिंह त्यागी इंटर कालेज,सिसौना ( बिजनौर )
- ➢अंशिका वर्मा 91.83, मूर्ति देवी कन्या इंटर कालेज,नजीबाबाद
- ➢अरुणा 91.83, एलकेपी इंटर कालेज,भगतावाला ( बिजनौर )
- ➢महक चौहान 91.83, राजबाला देवी इंटर कालेज,सिरवासुचंद
- ➢सूर्य कुमार 91.67, बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज,नहटौर
- ➢आफिया 91.67, एचआई कांवेंट इंटर कालेज,बुंदकी ( बिजनौर )
- ➢सांची राजपूत 91.50, गौरी शंकर इंटर कालेज,रवाना शिकारपुर ( बिजनौर )

## बढ़ापुर में भी बेटियां अव्वल रहीं





**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में बढ़ापुर क्षेत्र में भी बेटियां अव्वल रहीं। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बेटियों ने शानदार सफलता अर्जित की है। क्षेत्र के संत जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल दोदराजपुर का रिजल्ट शत–प्रतिशत रहा है। इसी स्कूल की छात्रा ऐश्वर्या हाईस्कूल परीक्षा में 90.60 फ़ीसदी अंक प्राप्त कालेज टॉपर रही, वहीं द्वितीय स्थान पर रहने वाली छात्रा शगुन सैनी ने 87.66 फीसदी अंक प्राप्त किये, जबकि तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र मिलन कुमार ने 87.16 फीसदी अंक प्राप्त किये हैं। इसी क्रम में पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बढ़ापुर में हाईस्कूल की छात्रा अक्षरा ने कालेज टॉपर रही। अक्षरा ने 86 फीसदी अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की, जबकि इसी कॉलेज की छात्रा पलक ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 78.4 फीसदी अंक प्राप्त किये हैं।

## निरंजन कुमार ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**किरतपुर ( चिंगारी )।** श्री देवाशंकर सरस्वती विद्या मंदिर किरतपुर, बिजनौर में कक्षा 10 में निरंजन कुमार ने 88.16 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगेश्वर तथा धीरज कुमार हल्दिया ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में भैया दुर्गेश ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम तथा आर्यन और छवि सैनी ने क्रम से द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## शाबाश अलीना!

**हल्दौर ( चिंगारी )।** सभासद तरन्नुम परवीन और मरहूम सभासद मौ.गुलफाम अफरीदी की होनहार बेटी अलीना नाज ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने मरहूम वालिद व परिवार वालों का नाम रोशन किया है।



स्थानीय मौहल्ला खेड़ा निवासी व वार्ड नंबर 13 बीबीवाला कुआं की सभासद तरन्नुम परवीन और मरहूम सभासद गुलफाम फरीदी की बेटी अलीना नाज नगर के जीएसएन एकेडमी की इंटरमीडिएट की छात्रा है। गुरुवार को यूपी बोर्ड के आये रिजल्ट में होनाहार अलीना नाज ने शानदार 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने वालिद गुलफाम फरीदी, वालिदा सभासद तरन्नुम परवीन, बहन सिजरा, भाई मौ.वसी, मौ.आहिल सहित सभी परिजनों का नाम रोशन किया है। अलीना ने परीक्षा की तैयारी में कड़ी मेहनत कर तीन सब्जेक्ट हिंदी, फिजिक्स और केमिस्ट्री में डिक्टेशन प्राप्त की है, जिससे उसके परिवार में खुशी का माहौल है और सभी उसको बधाइयां दे रहे हैं। अलीना ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों व गुरुजनों को दिया है।

## विवेकानंद इंटर कॉलेज का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**चांदपुर ( चिंगारी )।** विवेकानन्द इंटर कालेज दरबाड़ा का इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 94.2 प्रतिशत व हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने बताया कि शिवानी पुत्री जसवंत सिंह हरपुर ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, पलक पुत्री मोनू कुमार जौनपुर ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व नन्दनी तोमर पुत्री चरन सिंह भिडियाखेड़ा ने 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में झलक पुत्री मदनपाल सिंह ककराला ने 88.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अक्षरा चौधरी पुत्री अंकुल कुमार बागड़पुर ने 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व वंश तोमर पुत्र मोहित तोमर शेखपुरी मीना ने 85.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने सभी मेधावी छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## केलनपुर की तीन छात्राओं ने जिले की सूची में स्थान पाया

चांदपुर ( चिंगारी )। यूपी बोर्ड 10वीं में क्षेत्र की तीन बालिकाओं ने जिले की सूची में स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल व माता–पिता को गौरवान्वित किया। तीन में से दो किसान इंटर कालेज केलनपुर की छात्राएं हैं। किसान इंटर कालेज केलनपुर की हाईस्कूल की छात्रा प्राची ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय,संत स्टीफन स्कूल चांदपुर की छात्रा नेहा सैनी पुत्री नवीन कुमार ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सूची में 7वां व किसान इंटर कालेज केलनपुर की छात्रा सुभी विश्वकर्मा ने 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 10वां स्थान प्राप्त किया।

## मरियम स्कूल के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शत–प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं ने सफलता हासिल कर अपने माता–पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही छात्रों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस वर्ष लड़को ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए बाज़ी मारी। अल्तमश मलिक ने 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मौहम्मद अरमान ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मौहम्मद एहतिशाम ने 80.16 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मैनेजर मरियम साईम राजा ने कहा कि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का ही यह परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना भी है। आधुनिक शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों को भी बराबर महत्व दिया जा रहा है, जिससे छात्र भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। वहीं सोसायटी अध्यक्ष मोहम्मद साईम राजा ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आगे की सफलता की नींव साबित होगी। प्रधानाचार्या फिरदौस जहां ने परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के समस्त शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सतत प्रयासों के कारण ही विद्यालय हर वर्ष बेहतर परिणाम दे रहा है।

## शानदार रहा नारायण कॉलेज का परीक्षाफल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नारायण पब्लिक इंटर कॉलेज, दयालवाला ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम100 प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन से छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी की लहर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का संकल्प लिया। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में विद्यालय की प्रशंसा हो रही है।

**हाईस्कूल का परिणाम**

1–आंचल–पुत्री श्री विनोद कुमार प्रथम

2–अंजलि–पुत्री श्री जयपाल सिंह द्वितीय

3–पायल–पुत्री श्री नरेश सिंह तृतीय

**( इंटरमीडिएट का परिणाम )**

1–अर्शिया–पुत्री श्री साबिर अहमद प्रथम

2–रेनू–पुत्री श्री हेमेन्द्र कुमार द्वितीय

3–बिजेता–पुत्री श्री लाखन सिंह

वार्षिक फल भी उत्तम रहा। कक्षा 10 का वार्षिक फल 98प्रतिशत तथा कक्षा 12 का वार्षिक फल 94 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 में मयंक पुत्र जोगिंदर सिंह प्रथम स्थान, रजत पुत्र मोहन सिंह द्वितीय स्थान तथा प्रियांश पुत्र मोहन सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 12 में आंचल कुमारी पुत्री राजीव सिंह ने प्रथम स्थान, इकरा अंसारी पुत्री वसीम अहमद ने द्वितीय स्थान तथा निशा पुत्री ओमपाल सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# हरिद्वार में अंतिम संस्कार कर लौटते समय वाहन खाई में गिरा, 8 की मौत

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने घटना पर जताया दुख

**टिहरी गढ़वाल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में हुई वाहन दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। सभी हरिद्वार से अंतिम संस्कार क्रिया कर्म से वापस लौट रहे थे। इस दुखद घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया तथा मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए सहायता राशि देने की घोषणा की है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में एक वाहन के खाई में गिरने से लोगों की मृत्यु होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक-संतप्त परिवारजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। टिहरी गढ़वाल के चंबा-कौटी मार्ग पर नैल गांव के पास हुए दर्दनाक हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में एक दुर्घटना के कारण हुई जान-माल की हानि दुखद है। मैं उन लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया है। ईश्वर करे कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड (PMNRF) की ओर से, जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के निकटतम परिजन को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री धामी के कार्यालय से भी इस घटना पर दुख जताया गया। बताया कि मुख्यमंत्री धामी ने दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्माओं को शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्थिति पर सतत निगरानी बनाए रखने के भी निर्देश दिए हैं। उधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी घटना पर दुख जताया है।

# हाईवे किनारे लगे साइन बोर्ड से पिकअप टकराई, हादसा टला

**चिडियापुर ( चिंगारी )।** हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे स्थित चिड़ियापुर ढाबो के आगे हाईवे से सटाकर लगे बोर्ड से बीती देर रात पिकअप गाड़ी टकरा गई। गनीमत रही पिकअप के आगे पीछे दूसरा वाहन नहीं आ रहा था नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। हाईवे से आवागमन करने वाले वाहन चालकों का कहना है हाईवे किनारे लगे इन बोर्ड को हाईवे अथॉरिटी द्वारा वर्तमान में चल रही चार धाम यात्रा को ध्यान में रखकर प्राथमिकता के तौर पर हटवाकर हाईवे से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को राहत दिलाई जाये। वहीं हाईवे से आवागमन करने वाले कई वाहन चालकों का कहना है जब साइन बोर्ड से वाहन टकराते हैं तो वाहन चालक द्वारा इन साइन बोर्ड को हाईवे किनारे से हटाने के विषय में कहते हैं तो ढाबे वाले अपनी राजनीतिक व ऊंची पकड की अकड का रौब गालिब कर वाहन चालकों को डरा कर चुप करा देते हैं जिससे डर कर वाहन चालक चुपचाप चले जाते हैं। वही अपने पीछे बड़ा सवाल छोड़ जाते हैं कि हाईवे किनारे साइन बोर्ड लगाकर कब्जे को हाईवे अथॉरिटी हटाकर चार धाम यात्रा को सुगम बनाने का कार्य कब करेगी। इस विषय पर जब चिड़ियापुर के कुछ ढाबे वालों से वार्ता की गई तो उन्होंने भी इन साइन बोर्डो को हाईवे के किनारे लगे होने को गलत ठहराया, लेकिन कुछ के द्वारा उनकी ओर से लगे होने के कारण मजबूरी वश उन्हें भी अपनी ओर से बोर्ड लगाने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली की देशभक्ति प्रेरणा स्रोत : सुरेन्द्र नेगी

## पेशावर काण्ड की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से पेशावर कांड की स्मृति में तहसील प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में कांड के नायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली केवल एक सैनिक नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में राष्ट्रधर्म का पालन करने वाले महान व्यक्तित्व थे। 23 अप्रैल 1930 को पेशावर में निहत्थे भारतीयों पर गोली चलाने के आदेश को ठुकराकर उन्होंने मानवता और देशभक्ति का जो अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी हर देशवासी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि अन्याय के सामने कभी झुकना नहीं चाहिए। नगर निगम की पूर्व महापौर हेमलता नेगी ने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली का साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मीना बछ्वाण ने कहा कि उनका जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज और देश की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट, यशोदा देवी, देवेंद्र सिंह नेगी, सुदर्शन भंडारी और राजे सिंह आर्य सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बिजनौर गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने बैसाखी उत्सव के साथ पास्ट प्रेसीडेंट को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डेन लायनेस क्लब ने बैसाखी उत्सव एक सुसज्जित सभागार में धूमधाम से मनाया। क्लब की सभी सदस्य पंजाबी लुक पारम्परिक वेशभूषा में बहुत सुन्दर लग रहे थे। सलवार सूट कामदार दुपट्टा, झुमके, चुटीला और रंगबिरंगी चूड़ियां, जूतियां पहनकर आये। अध्यक्ष सचिव एवं ट्रेजरार ने टीका एवं फूलों की वर्षा के साथ सभी का स्वागत किया। इसके बाद पंजाबी गानो पर गिद्दा डांस शुरू हुआ तथा भांगड़ा नृत्य भी हुआ। जिसमें सभी ने जमकर नृत्य किया और माहौल को खुशनुमा बना दिया। समोसे, मठरी चाट के साथ सभी ने चाय का लुत्फ उठाया। इसके बाद सभी के लिए आकर्षक तम्बोला गेम भी खिलाया गया।

इसके बाद कार्यक्रम का दूसरा प्रमुख प्रोजेक्ट पास्ट प्रेसीडेंट का सम्मान किया गया। जिसमें सभी पास्ट प्रेसीडेंट को अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी व ट्रेजरार नीतू अग्रवाल ने आकर्षक गिफ्ट दिया एवं कल्पना त्यागी द्वारा सभी प्रेसीडेंट के लिए बनाए गए, टाइटिल दिए गए। टाइटिल एवं गिफ्ट को सभी ने खूब पसंद किया और इसके लिए उन्होंने पीएसटी टीम एवं कल्पना को धन्यवाद दिया। सचिव विनीता रघुवंशी ने पास्ट प्रेसीडेंट को सम्मानित किये जाने की परम्परा के पीछे छिपी भावनाओं पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा ट्रेजरार नीतू अग्रवाल ने सभी को भोजन के लिए आमंत्रित किया। पूनम अवस्थी ने बैशाखी पर एक गीत सुनाया।

# डेढ़ लाख की सुपारी देकर करायी थी रवि की हत्या

## दोनों सुपारी किलर गिरफ्तार

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में चार दिन पहले नहर पटरी रानीपुर झाल से मिले स्कूल वाहन चालक रवि चौहान के शव के मामले में पुलिस और सीआईयू टीम ने दो सुपारी किलर गिरफ्तार किए हैं। खुलासा किया कि जमीन के लिए रवि के सौतेले भाई प्रमोद के दामाद पंकज ने अपने भांजे के साथ मिलकर डेढ़ लाख की सुपारी देकर हत्या कराई हैं। पुलिस ने आरोपी हिस्ट्री शीटर नदीम और दानिश अली निवासी क़स्साबान ज्वालापुर को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। फरार मामा भांजे की तलाश में दबिश दी जा रही है। बृहस्पतिवार को एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने पुलिस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर रवि चौहान हत्याकांड का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एसएचओ चंद्रभान सिंह और सीआईयू प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट की अगवाई में टीमें गठित कर जांच में लगाई गई थी। सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर क्लू मिला। जांच पड़ताल में सामने आया कि दो व्यक्ति बाइक पर रवि चौहान को बीच में बिठाकर हरि लोक तिराहे से होकर रानीपुर झाल की तरफ ले गए थे। फुटेज में दिखाई दिया कि एक संदिग्ध ज्वालापुर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर नदीम है। इसके बाद नदीम और उसके साथी दानिश अली को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई तो दोनों ने डेढ़ लाख की सुपारी लेकर हत्या करने की बात कुबूल की। आरोपियों के कब्जे से हत्या के दौरान इस्तेमाल बाइक और सुपारी के तौर पर मिली रकम में से बचे 61 हजार बरामद किए।

# उत्तराखंड के पूर्व आईपीएस लोकेश्वर सिंह पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**पिथौरागढ़ ( चिंगारी )।** जिला न्यायालय के आदेश पर पिथौरागढ़ के पूर्व एसपी लोकेश्वर सिंह के खिलाफ कोतवाली पिथौरागढ़ में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह पर व्यापारी के साथ मारपीट समेत कई धाराएं लगाई गई हैं, जिसके बाद उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।

पिथौरागढ़ के व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एक अर्जी दी थी, जिसमें कहा था कि पुलिस क्वार्टर का गंदा पानी कॉलोनी में बह रहा था। इससे लोगों को परेशानी हो रही थी। इस शिकायत को लेकर 6 फरवरी 2023 को वो अपने बेटी के साथ एसपी कार्यालय गए थे। व्यापारी का आरोप है कि उन्हें पुलिसकर्मियों की ओर से निर्वस्त्र कर पीटा गया और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। मेडिकल में उनके शरीर पर चोट लगने की पुष्टि भी हुई थी। जब वो इस मामले में शिकायत करने कोतवाली गए तो मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

पिथौरागढ़ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सिंह की अदालत ने व्यापारी की अर्जी पर सुनवाई करते हुए बीती 7 अप्रैल 2026 को पुलिस को तत्कालीन एसपी लोकेश्वर सिंह समेत अन्य के खिलाफ धारा 323, 342, 355, 504, 506, 392 और 120 (बी) के तहत मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे।

कोतवाल ललित मोहन जोशी के बताया न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पिथौरागढ़ में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पिथौरागढ़ के व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी ने लोकेश्वर सिंह की शिकायत राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण में भी कराई थी। प्राधिकरण ने मामले की सुनवाई करते हुए आईपीएस अधिकारी लोकेश्वर सिंह को दोषी ठहराते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की थी। बता दें कि लोकेश्वर सिंह साल 2014 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं। उन्होंने हरिद्वार, देहरादून, बागेश्वर, चंपावत, पिथौरागढ़ और पौड़ी जिलों में सेवाएं दीं। उत्तराखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी लोकेश्वर सिंह का पौड़ी में एसएसपी रहने के दौरान साल 2025 में संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय संगठन में चयन हुआ था। यूएन से संबद्ध संगठन में चयन होने पर लोकेश्वर सिंह ने अक्टूबर 2025 में पुलिस सेवा से इस्तीफा दे दिया था।

### महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा

# नारी शक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं

## महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल का विपक्ष पर हमला, सपा-कांग्रेस पर महिलाओं के हितों की अनदेखी का आरोप

बिजनौर (चिंगारी)। 'नारी शक्ति संवेदनशील होने के साथ-साथ साहसी भी है, वह झांसी की रानी की तरह संघर्ष करना जानती है'- यह बात जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भाजपा के 'महिला जन आक्रोश' अभियान के तहत कलेक्ट्रेट स्थित विदुर सभा गार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस, सपा और इंडिया गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें उनके अधिकार दिलाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।




प्रभारी मंत्री ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण का मुद्दा राजनीतिक नहीं था, लेकिन विपक्ष ने इसे राजनीति का रूप देते हुए बिल को गिराकर नारी शक्ति का अपमान किया। बिल गिरने के दौरान सदन में विपक्ष के नेताओं का जो रवैया रहा, वह बेहद आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार द्रौपदी के चीरहरण की शर्मनाक घटना के दौरान दुर्योधन आदि का रवैया था, ठीक वैसा ही शर्मनाक रवैया विपक्ष ने महिला आरक्षण बिल पर प्रदर्शित किया है।

कपिल देव अग्रवाल ने तीन तलाक के मुद्दे का जिक्र करते हुए भी कांग्रेस और सपा पर महिलाओं के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन दलों का महिलाओं के प्रति रवैया हमेशा नकारात्मक रहा है। सपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के नेताओं के बयान भी महिलाओं के प्रति उनकी सोच को दर्शाते हैं।

प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी', जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रावल, चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, डॉ. बीरबल सिंह, हरजिंदर कौर और लीना सिंघल सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# महिलाओं ने फूंके विपक्ष के नेताओं के पुतले



**बिजनौर ( चिंगारी )।** महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा हेतु आज 'महिला जन आक्रोश अभियान' के तहत इंदिरा बाल भवन में विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान और सामुहिक संचालन श्रीमति मोनिका शर्मा और रजनी कालरा ने किया। सम्मेलन में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि देश की प्रगति में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है। सम्मेलन के दौरान जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने कहा कि एक ओर जहां सरकार नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है, वहीं विपक्ष की मानसिकता बार-बार महिलाओं को अपमानित करने का काम कर रही है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सम्मेलन के पश्चात, क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती हरजिंदर कौर के कुशल नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने विपक्ष के नेताओं के पुतले फूंके। इस दौरान प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रावल, जिला महामंत्री नरेश भाटी, दिनेश सैनी, बलराज त्यागी, पूर्व सदस्य एसएससी चयन बोर्ड, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष मायापाल, जिला मंत्री विनोद राठी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, जिला पंचायत सदस्य साकेंन्द्र प्रताप सिंह, जिला मिडिया सह प्रभारी विक्रांत चौधरी, जिला मीडिया सह प्रभारी पं. गोपाल धीमान, जिला संयोजक अश्वनी शर्मा, हेमंत चौहान, प्रान्तीय पार्षद सुधा देवी, शवाना परवीन, उपासना आर्य, नेहा शर्मा, केशव, अंकज, राहुल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उतम शुगर मिल ने बीते पेराई सत्र का संपूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान किया

**नांगल सोती ( चिंगारी )। उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर प्रशासन ने बीते सत्र का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। मिल ने सत्र 2025- 26 में कुल 122.18 लाख कुंतल गन्ना क्रय किया था , जिसका कुल भुगतान 480.46 करोड़ रूपये किया गया है। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने मिल संचालन में दिये गये अतुलनीय सहयोग के लिये समूचे प्रबंध तंत्र की ओर से समस्त सम्मानित कृषकों , जिले के प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होने बताया कि कल मिल ने पेराई सत्र का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान ( 480.46 करोड़ रूपये ) सम्बन्धित गन्ना समितियों के माध्यम से किसानों के खातों में भिजवा दिया है। महाप्रबंधक ( गन्ना ) विकास पुंडीर ने बताया कि इस समय पछेती गन्ना बुवाई चल रही है। उन्होने कृषकों से भूमि उपचार एवं बीज उपचार के उपरान्त ही गन्ना बुवाई करने की अपील की है। इस समय चोटी बेधक कीट की प्रथम पीढ़ी का अटैक अत्यधिक हो रहा है। इसके लिये चीनी मिल द्वारा लाइट ट्रैप उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होने प्रभावित पौधों को जड़ से काटकर नष्ट कर देने का आहवान किया है , ताकि कीट की सुंडी को नष्ट किया जा सके। उन्होने किसानों का आहवान किया कि समय - समय पर अपने खेतों का निरीक्षण करते रहें। किसी भी प्रकार के कीट एवं रोग का प्रभाव नजर आते ही तुरंत अपने मिल स्टाफ एवं गन्ना समिति सुपरवाइजर से संपर्क करें तथा फसल सुरक्षा हेतु कारगर सुझाव प्राप्त करें। गत वर्षों में रेड रॉट बीमारी का प्रकोप सीओ - 0238 प्रजाति में अत्यधिक हुआ है , जिसका फंगस अभी भी खेतों में मौजूद है। इससे बचने के लिये ट्राईकोडर्मा का प्रयोग अत्यन्त आवश्यक है। फसल को रोगमुक्त रखने के लिये ट्राईकोडर्मा का प्रयोग अवश्य करें।**



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




# जनांदोलन के दमन व लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले रोकने की मांग

## कम्युनिट पार्टी ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश में जनांदोलन के दमन तथा लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले रोकने के लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश में वामपंथी दलों द्वारा प्रदेश में जायज मांगों को लेकर जन आंदोलन पर किए जा रहे सरकारी दमन पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। जिलों में किसानों, मजदूरों तथा विपक्षी दलों और संगठनों की शांतिपूर्ण सभा, प्रदर्शन, जुलूस आदि की अनुमति न देना आम बात हो गई है। इस मामले में प्रशासन द्वारा भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। भाजपा यहां तक कि साम्प्रदायिक संगठनों को भी बिना अनुमति प्रशासन उनके कार्यक्रमों को आयोजित करने देता है। विगत दिनों नोएडा में वेतन बढ़ाने, आठ घंटे के काम और अन्य कार्यदशाओं में सुधार की मांग को लेकर आंदोलित मजदूरों के साथ पुलिस ने घोर अलोकतांत्रिक व्यवहार किया। उनकी मांगों पर विचार करने के बजाये सरकार ने आंदोलन का दमन व बदनाम करने का प्रयास किया। आरम्भ में यह आंदोलन स्वत: स्फूर्त था जो मजदूरों के जीवन के वास्तविक समस्याओं को संबोधित कर रहा था। वामदलों ने खासतौर पर मेहनकशों के जनवादी व संवैधानिक अधिकारों पर हो रहे हमले को रोकने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में का. उस्मान अली, का. आदेश कुमार, का. भजनलाल, का. अशरफ, का. विजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 42 करोड़ 75 लाख का बजट मंजूर, किरतपुर का विकास होगा भरपूर



**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक पालिका के मीटिंग हॉल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने की, जबकि संचालन बड़े बाबू हसन मुस्तफा द्वारा किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता भी उपस्थित रहीं। बैठक में वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट 42 करोड़ 75 लाख 5 हजार रुपये का पेश किया गया, जिसे सभी सभासदों ने करतल ध्वनि के साथ सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बैठक के एजेंडे में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई और उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें नारी शक्ति वंदना योजना वर्ष 2026-27 के ठेकों की नीलामी, नगर के समस्त नालों की तली झाड़ सफाई, नगर में स्थापित वाटर कूलरों की मरम्मत, आउटसोर्स कर्मचारियों के वर्तमान ठेके पर विचार, पालिका ठेकेदारों का नवीनीकरण व पंजीकरण, इंडिया मार्क हैंडपंपों की खराबी पर रिबोर कराने, किरतपुर-मंडावर रोड तिराहे पर भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू करने, सफाई एवं विद्युत विभाग की सामग्री की आपूर्ति के लिए दरों की स्वीकृति तथा कान्हा गौ आश्रय स्थल के लिए भूसे की आपूर्ति की दर निर्धारण जैसे प्रस्ताव शामिल रहे। इन सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। हालांकि, वॉटर टैक्स लगाए जाने के प्रस्ताव को अगली बैठक के लिए टाल दिया गया। बैठक में सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की सड़कों, पेयजल व्यवस्था तथा जन्म प्रमाण-पत्र बनाए जाने में हो रही देरी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। चेयरमैन अब्दुल मन्नान एवं अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने सभासदों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। बैठक में सभी सभासद एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तम रहा हिन्दू इंटर कॉलेज का परीक्षाफल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** हिंदू इंटर कालेज चांदपुर का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 90.32 प्रतिशत व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 94.85 प्रतिशत रहा। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि हाईस्कूल में अभय गोस्वामी पुत्र अमित गिरि ने 86.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, आयुष कुमार पुत्र सुनील कुमार ने 83.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व लक्ष्यराज पुत्र प्रेम सिंह ने 82.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में मौ. सुजान पुत्र रईसुद्दीन ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रोहन पुत्र हरिओम सिंह व सानू पुत्र अनिल कुमार ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व आदित्य कुमार पुत्र रमेश कुमार व निकांत कुमार पुत्र भूपेन्द्र सिंह ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





## सूचना

विद्यालय एस.एन.एस.एम. इ.का. नहटौर में निम्नांकित पद, विषय की प्रबंधकीय व्यवस्था के अन्तर्गत जगह रिक्त हैं। इच्छुक आवेदक दिनांक 27/04/26 तक अपना आवेदन विद्यालय कार्यालय में जमा कर दें एवं दिनांक 30/04/26 को प्रात:11बजे इंटरव्यू हेतु विद्यालय में उपस्थित हों। वेतन योग्यता अनुसार।

**नोट:- अभियार्थियों के आने पर यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।**

| | पद | विषय |
|---|---|---|
| 1. | प्रवक्ता | भौतिक विज्ञान |
| 2. | प्रवक्ता | अंग्रेजी |
| 3. | स.अ. | अंग्रेजी |
| 4. | स.अ. | हिन्दी |
| 5. | स.अ. | सामा. विज्ञान |

**दर्पण त्यागी**
**प्रबंधक**
**एस.एन.एस.एम. इंटर कालेज नहटौर ( बिजनौर )**


चिंगारी
खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## जानलेवा हमले के मामले में 10 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला शहीद नगर निवासी निमित चौहान ने बृहस्पतिवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 14 अप्रैल की देर शाम समय करीब 7 बजे वह अपने दोस्त सागर शर्मा के साथ स्कूटी द्वारा बिजनौर रोड पर जा रहा था। जब वह एक डेयरी के सामने पहुंचा तो प्रिंस पुत्र जितेंद्र अपने दो साथियों के साथ उसे मिला, जिससे वह बात कर रहा था। इस बीच पीछे से दो कार आकर रुकीं, जिसमें से करीब आधा दर्जन युवक निकले, आरोप है कि उक्त युवकों ने गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। एक युवक ने जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग भी कर दी। उन्होंने किसी तरह भागकर जान बचाई। आरोपियों ने सागर पर कार चढ़ाने का भी प्रयास किया गया तथा उसके चेहरे पर लोहे की वस्तु से हमला किया गया, जिससे उसका जबड़ा व दांत टूट गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक आरोपी प्रिंस को नामजद करते हुए एक अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

# विद्यार्थियों को बताये हीट वेव (लू) से बचाव के उपाय



विद्यार्थियों को हीट वेव से बचाव हेतु जागरूक करते शिक्षक।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी और हीट वेव (लू) के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्थानीय एचसीएम इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा जागरूक किया गया। गुरुवार को प्रधानाचार्य रमेश चक्रवर्ती की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए उपप्रधानाचार्य छत्रपाल सिंह ने लू से शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया और कहा कि बचाव ही इसका सबसे बड़ा उपचार है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में गर्म हवाओं के चलने के दौरान हल्के रंग के सूती कपड़े पहनना, धूप में सिर को ढकना, दोपहर में अनावश्यक बाहर न निकालना, तरल पदार्थों छाछ, ओआरएस, नींबू पानी वगैरा पेय पदार्थों का सेवन करना। भारी भोजन न करना, सलाद व फल खाना आदि का विशेष ध्यान रखते हुए कोई भी दिक्कत होने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से सलाह लेना आवश्यक है। इस अवसर पर अधिकांश शिक्षक मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मियों की आवासीय कॉलोनी के पास गुलदार ने बकरी पर किया हमला

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रेहड़ में जसपुर रोड पर स्थित पुलिसकर्मियों की सरकारी आवासीय कॉलोनी से चंद कदम दूर निर्माणाधीन स्कूल के पास चर रही एक बकरी पर गुलदार ने झपट्टा मारकर उसे घायल कर दिया। यदि तुरंत शोर न मचाया जाता तो गुलदार उसे उठाकर ले जाता। गनीमत रही कि वहां आसपास खेल रहे बच्चों के साथ कोई अनहोनी नहीं हुई। क्षेत्र में गुलदार के आएदिन के हमलों से दहशत का माहौल बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में आएदिन जगह-जगह गुलदार दिखाई दे रहा एवं कभी जानवरों अथवा किसानों-मजदूरों पर हमला करता आ रहा गुलदार फिलहाल वन विभाग के कब्जे से बाहर सा हो गया है। गुरुवार को रेहड़ में पुलिसकर्मियों की कॉलोनी के पास बकरी पर हुए गुलदार के हमले से उस कॉलोनी में रह रहे पुलिसकर्मियों के परिजन दहशत में नजर आ रहे हैं। उधर मेघपुर के पास सलारजती नामक सय्यद सालार शाह की मजार के आसपास गुलदार की चहल कदमी से मेघपुर व अफजलगढ़ के लोग डरे-सहमे हैं। लोगों ने वन विभाग से दोनों जगह पिंजरा लगाकर गुलदार को शीघ्र पकड़ने की मांग की है।



### मेघपुर में मजार के पास गुलदार देखे जाने से दहशत

# बच्चों की सेहत का पूरा ख्याल रखें महिलाएं : अनीता चौहान

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण पखवाड़े का समापन

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बीती 9 अप्रैल से शुरू हुए पोषण पखवाड़े का गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर भव्य समापन हुआ। इन 15 दिनों में आंगनबाड़ियों द्वारा रैलियों, गोष्ठियों, रंगोली एवं अनेक प्रतियोगिताओं के जरिए पोषण के प्रति क्षेत्रवासियों को जागरूक किया। कासमपुर गढ़ी के प्रा.वि. (द्वितीय) में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर संयुक्त रूप से आयोजित समापन समारोह में मुख्य सेविका इरम शहनाज सहित पहुंचीं इंचार्ज सीडीपीओ अनीता चौहान ने वहां उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण को कम करना और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने महिलाओं को बच्चों के बेहतर खान-पान, मोटे अनाज के महत्व और 3 से 6 साल के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की शिक्षा के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में अनीता देवी, शिखा चौहान, मंजू देवी, आलिया नाज, शमा परवीन, रुकमणी देवी, सीता देवी, सुमन देवी, शहनूर, बबीता भारती, ज्ञानवती देवी, राजबाला देवी, मोनिका शर्मा, सुषमा देवी, सुमन देवी आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सहायिकाएं एवं अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में सीडीपीओ संग मौजूद आंगनबाड़ियां।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुल्डोज़र

## व्यापारियों के विरोध के बावजूद चला अभियान

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया व सीओ देश दीपक सिंह के नेतृत्व में नगरपालिका प्रशासन ने रोडवेज बस स्टैंड से शहीद तिराहे तक अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर दुकानदारों द्वारा किये गये स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को हटाया।पालिका कर्मचारियों ने दुकानों के सामने रखे सामान व लोहे की सीढ़ियों को जेसीबी मशीन से तोड़कर ट्रैक्टर ट्राली में भर लिया। इस दौरान जब पालिका प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटवा रही थी तो व्यापारी नेता तसलीम अहमद इदरीसी के नेतृत्व में संजीव जोशी, फारूक मिकरानी, नईम अहमद दर्जनों व्यापारी अतिक्रमण अभियान का विरोध करते हुए आमने-सामने आ गए।व्यापारियों का कहना था कि रोड़वेज बस स्टैंड पर अवैध रूप से खड़े डग्गामार वाहनों के कारण नगर में जाम की स्थिति पैदा होती है लेकिन नगरपालिका या पुलिस प्रशासन उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नही करता। व्यापारियों का कहना था कि रोडवेज के आसपास के दुकानदार अपनी जगह में ही सामान रखते हैं। व्यापारियों के विरोध के चलते पालिका प्रशासन व पुलिस टीम अभियान को बीच में ही छोड़कर आगे बढ़ गई। अभियान का नेतृत्व कर रहे उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया व पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह का कहना है कि नगर में अवैध अतिक्रमण के कारण ही शिव मंदिर चौक, रोडवेज बस स्टैंड से शहीद तिराहे तक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आने जाने वाल यात्रियों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि नगर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए अभियान चलाया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा।इस अवसर पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्र,पालिका कर्मचारी, हलका लेखपाल अमित तोमर,थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार, कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक श्रीकांत सत्यार्थी, अनिल कुमार, रोहित कुमार व बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



प्रशासन व व्यापारी आए आमने सामने



# स्योहारा क्षेत्र की आशाओं का सीएचसी पर प्रदर्शन

## मानदेय की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** गुरुवार को क्षेत्र भर की सैकड़ों आशाओं ने सीएचसी पर प्रदर्शन करते हुए सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डा. बीके स्नेही को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आशाओं ने कहा कि लंबे समय से उचित मानदेय नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आशाओं ने आरोप लगाया कि उनसे लगातार कार्य लिया जाता है, लेकिन उसके अनुरूप भुगतान नहीं किया जाता। उनका कहना है कि उन्हें कई प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी कार्यों में लगाया जाता है, लेकिन सुविधाएं और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। साथ ही समय पर भुगतान न मिलने से उनके परिवार का भरण पोषण भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि उनका मानदेय बढ़ाया जाए, लंबित भुगतान जल्द जारी किया जाए तथा कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाए। आशाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर संगठन की जिलाध्यक्ष सहित सैकड़ों आशाएं मौजूद रही।

# उल्लेखनीय रहा एम.एम. इंटर कालेज का रिजल्ट

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एम एम इंटर कॉलेज चांदपुर में इंटरमीडिएट कक्षाओं में विज्ञान वर्ग का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत तथा मानविकी वर्ग का 76 प्रतिशत रहा। इसी तरह हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में अब्दुल मन्नान ने 410/500 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मोहम्मद अर्श ने 370/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अब्दुल रहमान ने 356/500 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानविकी वर्ग में अब्दुल हादी ने 348/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मोहम्मद अयान ने 327/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में मौ जैद आलम ने 495/600 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अबुबकर ने 466/600 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक मुमताज अहमद, प्रधानाचार्य इशरत जमाल आरिफ ने सभी उत्तीर्ण छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



अब्दुल मन्नान

# एस. बी. कॉलेज ऑफ लॉ बिजनौर के विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एस. बी. कॉलेज ऑफ लॉ.. बिजनौर का सत्र 2025-2026 विषम सेमेस्टर के परीक्षाफल में एलाली. (त्रिवर्षीय) के तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रुबीना ने 71.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रावत निकिता देवेन्द्र ने 70.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, छात्र अवधेश कुमार शर्मा ने 70.00 प्रतिशत अफ प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलएल.बी. (त्रिवर्षीय) के पंचम सेमेस्टर में छात्रा रूबी परवीन ने 69.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम: स्थान, छात्रा रुखसागर ने 67.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, कु. फौजिया और कु. वंदना ने 66.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान किया। बी.ए.एल.एल.बी. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अशमा ने 71.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हीना बिलाल और कहकशां शबाब ने संयुक्त रूप से 67.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, और चांदनी ने. 67.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वी.ए.एल.एल.बी. पंचम सेमेस्टर की छात्र शीतल ने 61.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रूमा ने 61.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और नेन्सी देवी ने 60.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.ए.एल.एल.बी. सप्तम सेमेस्टर की छात्र जैनब हयात ने 63.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, शाने हेदर जॉफरी ने 62.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और नरेन्द्र कुमार ने 61.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय त्यान प्राप्त किया। बी.ए.एल.एल.मी. नवम् सेमेस्टर के छात्र रवि कुमार ने 64.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, कुनाल ने 63.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और उबेदउल्लाह चौधरी ने 61.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रबन्ध समिति की ओर से श्री हस्सान पठान ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं दी और प्राचार्य डा. एस.एम. हसन ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# यूपी बोर्ड परीक्षाफल : नांगल सोती में भी बेटियों का दबदबा रहा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षाफल में बेटियों का दबदबा रहा। जहां इंटरमीडिएट में पहले तीनों स्थानों पर बेटियों ने कब्जा जमाया, वहीं हाईस्कूल में दो स्थानों पर बेटियां काबिज हुईं। जबकि क्षेत्र के नूतन इंटर कॉलेज तिसोतरा में छात्रों का दबदबा रहा।

बृहस्पतिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित किया गया। राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती में इंटरमीडिएट में विज्ञान वर्ग (गणित) की छात्रा यशिका अहलावत पुत्री विनीत अहलावत निवासी ग्राम शहजादपुर ने 427 अंक (85.4 प्रतिशत) प्राप्त करके प्रथम, गणित की ही छात्रा दिप्सी पुत्री राहुल कुमार निवासी नांगल सोती ने 423 अंक (84.6 प्रतिशत) प्राप्त करके द्वितीय तथा विज्ञान वर्ग (जीव विज्ञान) की छात्रा वर्णिका राजपूत पुत्री ओमपाल राजपूत निवासी जीतपुर खास ने 417 अंक (83.4 प्रतिशत) प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट कला वर्ग में रब्बील जोया ने 412 अंक (82.4 प्रतिशत) प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि हाईस्कूल में इशिका चंचल पुत्री धर्मेन्द्र राजपूत निवासी जीतपुर खास ने 519 अंक (86.5 प्रतिशत) प्राप्त करके प्रथम, मौ. अनस पुत्र फिरदौस निवासी सैदपुरी ने 506 अंक (84.3 प्रतिशत) प्राप्त करके द्वितीय तथा जरीन सिद्दीकी पुत्री मौ. साजिद निवासी नांगल सोती ने 502 अंक (83.6 प्रतिशत) प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य राजीव चौहान, सत्यप्रकाश आर्य, डा. श्याम सिंह वित्तेश, संजय कुमार सिंह, संजय गोयल, जितेन्द्र कुमार, अतुल कुमार, राजपाल सिंह आदि ने मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के युवा प्रबंधक ऋषभ प्रताप एड., पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड., अध्यक्ष यशवीर सिंह, कोषाध्यक्ष कावेन्द्र सिंह एड. ने भी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनका आहवान किया कि भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करते हुए नाम रोशन करें। नूतन इंटर कॉलेज तिसोतरा में इंटरमीडिएट में अनुज राजपूत पुत्र सुनील कुमार निवासी बरकातपुर ने 416 अंक (83.8 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम, करमजीत पुत्र सुनील कुमार निवासी तिसोतरा ने 415 अंक (83 प्रतिशत) प्राप्त कर द्वितीय तथा पुरुषोत्तम सिंह पुत्र शीशराम सिंह निवासी तिसोतरा ने 404 अंक ( 80.8 प्रतिशत) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि हाईस्कूल में हर्ष कुमार पुत्र अमित कुमार निवासी मौ. अलीपुर द्वारका ने 511 अंक (86.1 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम, तनु कुमारी पुत्री राजकुमार निवासी लालपुर सोजीमल ने 509 अंक (85.3 प्रतिशत) प्राप्त कर द्वितीय तथा रोबिन कटारिया पुत्र मनोज कुमार निवासी सादुल्लानगर, तिसोतरा एवं इसरा अंसारी पुत्री अफजाल निवासी कामराजपुर ने 508 अंक ( 84.6 प्रतिशत ) प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। नूतन इंटर कॉलेज का हाईस्कूल का कुल परीक्षाफल 94.5 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट का कुल परीक्षाफल 95.2 प्रतिशत रहा। प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह, अध्यक्ष वीर सिंह, कोषाध्यक्ष नरेन्द्रपाल सिंह, कार्यवाहक प्रधानाचार्य जगवीर सिंह, मनोज कुमार, मयंक शर्मा, मामराज सिंह, आशुतोष तोमर, संजीव शुक्ला, बंटी कुमार आदि ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में मेधावी बच्चों को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य राजीव चौहान।



# प्राची ने जिले में सेकिंड पॉजिशन प्राप्त की



**चांदपुर ( चिंगारी )।** किसान इंटर कालेज केलनपुर का यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की होनहार छात्रा प्राची ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय व सुमी विश्वकर्मा ने 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 10वां स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक डा. खूब सिंह व प्रधानाचार्य नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि हाईस्कूल में होनहार छात्रा प्राची पुत्री राजकुमार यादव ग्राम बूंदरा कला ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय व इसी कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा सुभी विश्वकर्मा पुत्री अमित कुमार ग्राम इमलिया ने 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 10वां स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में मौ. अयान ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम व शिफा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रबंधक डा. खूब सिंह व प्रधानाचार्य नीरज कुमार शर्मा ने विद्यालय का नाम रोशन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सिद्धांत ने जनपद में प्राप्त किया चौथा स्थान



**हल्दौर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव नांगल जट स्थित नांगल जट इंटर कॉलेज के छात्र सिद्धांत सिंह ने यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता पर उनके परिजनों व क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। गांव चांदा नंगली निवासी जगत सिंह व कुसुम देवी के होनहार पुत्र सिद्धांत सिंह ने सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। गुरुवार को इंटरमीडिएट का परिणाम घोषित होने के बाद सिद्धांत सिंह के परिवार में और क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा। परिचितों ने उनके घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी और मुंह मीठा कराया। परिजनों, विद्यालय के शिक्षकों व क्षेत्रवासियों ने सिद्धांत की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## चिराग बने विद्यालय टॉपर




**हल्दौर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय हल्दौर के हाईस्कूल के छात्र चिराग चौहान ने 89.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा चिराग पुण्डीर ने 87.66 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, जतिन 87.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा छात्रा गुंजन ने 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान तथा छात्रा भूमिका मंचवाल ने 85.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधक कमेटी व समस्त स्टाफ ने उनको अपनी शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शत-प्रतिशत रहा रेनबो स्कूल का परीक्षाफल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेनबो पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल बिजनौर का हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रियांशी पुत्री नीरज कुमार ने 85.17 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्या ने दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा जुहैब ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक सुनील जैन और प्रधानाचार्या जौली जैन ने मिठाई खिलाकर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि सतत प्रयास से ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षिकाओं सारिका भटनागर, सविता, तरन्नुम, निधि गर्ग, शैली गर्ग, शीबा ने बच्चों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जीएसएन एकेडमी में कुश व नैना ने किया टॉप










**हल्दौर ( चिंगारी )।** यूपी बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। जीएसएन एकेडमी हल्दौर में हाईस्कूल में छात्र कृश व इंटरमीडिएट में छात्रा नैना नागर ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुरुवार को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय के छात्र कृश ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा प्रज्ञा चौधरी ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा यशस्वी चौधरी व आर्या राजपूत ने 87.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय की इंटरमीडिएट परीक्षा में छात्राओं का दबदबा रहा। छात्रा नैना नागर ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा अंशिका चौधरी 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व खुशी नगर ने 75.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। उक्त सभी छात्र-छात्राओं के उच्च स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर सहित समस्त व स्टाफ ने उनको शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामनाएं की हैं।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर
ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक :– 2189/ई–निविदा–रा0वृत्त/26–27 दिनांक : 07.04.2026

1:– महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइटhttp://etender.up.nic.inके माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 25.04.2026 प्रातः 10.00 बजे से 30.04.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 30.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

2:–कार्यो का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत 5 वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित (रू0 लाख में) जी0एस0टी0 अतिरिक्त | धरोहर धन राशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0 टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | संबंधित अधीक्षण अभियन्ता का पता | संबंधित मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बिजनौर | अलीपुरा सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण का कार्य। | 262.70 | 15.14 | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | 2354.00 (ऑनलाइन भुगतान केवल नेट बैंकिग द्वारा ही मान्य) | ए. मार्ग श्रेणी | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0 मुरादाबाद |

- सभी कार्यपूर्णता के उपरान्त 5 वर्ष अनुरक्षण अवधि सहित।
- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 5 व 7 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या 879(1)/तेईस–7–2020–176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 4859/4एम–एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http//wms.uppwd.gov.in/prahariपर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

R.O.No. 250315 Date: 22-04-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बिजनौर
Ph. 01342 – 262776
Email – pdbijnor@gmail.com

अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0, रामपुर
Ph. 0595 – 2351163
Email – pwdrampur@gmail.com

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुले भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट

## 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल व अखंड ज्योति के किये दर्शन

एस.पी. अरोड़ा

**चमोली ( चिंगारी )।** भगवान श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट गुरुवार को विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ग्रीष्मकाल हेतु श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरा बद्रीनाथ धाम भक्ति और श्रद्धा के भाव से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर देश-विदेश से पहुंचे लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली महाभिषेक पूजा संपन्न कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर तथा आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने धाम पहुंचे तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। मुख्यमंत्री ने देश विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं से हरित एवं स्वच्छ चारधाम यात्रा में सहयोग करने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, बीकेटीसी के सीईओ विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, रावल अमरनाथ नंबूदरी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल सूर्यराग नंबूदरी, धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, आचार्य वाणी विलास डिमरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




### जागरों पर झूम उठा बद्रीनाथ धाम

**कपाट खुलने के इस ऐतिहासिक अवसर पर माणा एवं बामणी गांव की महिलाओं ने पारंपरिक जागरों के साथ मंदिर प्रांगण में झुमैलो नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण वातावरण लोक संस्कृति और आस्था के रंग में रंग गया। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भी भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।**

### मुख्यमंत्री ने किया भण्डारे का शुभारम्भ

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धाम में संचालित भंडारे का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने भंडारा संचालकों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मानव सेवा ईश्वर सेवा उत्थान समिति द्वारा संचालित विशाल भंडारे की सराहना की।**

# विपक्ष की नीयत महिलाओं को आरक्षण देने की नहीं : भट्ट

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की पत्रकारों से वार्ता

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** भाजपा जिला कार्यालय ऋषिकेश में एक प्रेस वार्ता के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने विपक्ष पर निशाना साधा, हाल ही में महिला आरक्षण एवं परिसीमन को लेकर लोकसभा सदन में बिल विपक्ष के माध्यम से गिरा दिया गया। इसके बाद से पूरे देश भर में महिलाओं में आक्रोश है। उनका कहना है कि विपक्ष की नीयत महिलाओं को उनके अधिकार देने की नहीं है। महिला आयोग की अध्यक्षा कुसुम कंडवाल ने कहा कि शुरू से ही महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ा है। इस बार महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर था जब वह नीति निर्णायक के रूप में शासन का सहयोग कर सकती थी लेकिन विपक्ष ने ओछी राजनीति का प्रमाण देते हुए बिल को गिरा दिया। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि इस विधेयक को लेकर भ्रामक जानकारियां सोशल मीडिया एवं मिडिया को दी गई। उन्होंने बताया कि इस विधेयक को इस समय इसलिए लाया गया कि यदि परिसीमन जनगणना के पश्चात किया जाता तो महिलाएं 2029 के चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं ले पाती। साथ ही उन्होंने बताया कि आरक्षण के साथ साथ परिसीमन को इसलिए संज्ञान में लाया गया क्योंकि 1976 में 54 करोड़ की जनसंख्या पर 550 सीटें निर्धारित की गई थी आज 2026 में जनसंख्या 140 करोड़ है इसलिए विकास कार्यों को और अधिक तेजी देने के लिए परिसीमन आवश्यक है।

समन्वयक प्रतीक कालिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसा संगठन है जो न सिर्फ महिलाओं के अधिकार की बात करता है, बल्कि धरातल पर उन्हें अधिकार भी दिलवाता आया है, चाहे फिर वह तीन तलाक हो या अब महिला आरक्षण बिल हो। जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल ने भी विपक्ष कड़ी निंदा करते हुए इसे महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रवैया बताया। प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल, स्थानीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल, नगर निगम महापौर शम्भु पासवान, दर्जाधारी राज्यमंत्री सुरेंद्र मोघा, पूर्व महापौर अनीता ममगाई, मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा कविता शाह, प्रदेश प्रवक्ता ममता रतूड़ी, दिनेश सती, गोविंद सिंह रावत, नितिन सक्सेना, अनिरुद्ध शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मां की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पार्षद राजेंद्र प्रेम सिंह बिष्ट व पार्षद संजय प्रेम सिंह बिष्ट द्वारा अपनी माताजी स्वर्गीय वीरा देवी बिष्ट की तीसरी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मेयर शंभू पासवान, पूर्व प्रधानाचार्य श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज डीबीपीएस, रावत सुधीर राय और डॉ. अनीशा बडोनी प्रभारी ब्लड बैंक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, राजपाल खरोला, पूर्व राज्य मंत्री संदीप गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष ज्योति सजवान, कृष्णा जयेंद्र रमोला द्वारा रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन और उन्हें रक्तदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लड बैंक से डॉक्टर अनीशा बडोनी प्रभारी ब्लड बैंक, आर के चमोली, रवि रावत, मोनिका, पूजा आदि ने शिविर में रक्त रक्तदाताओं से एकत्र किया, इस अवसर पर अमित पाल, हर्ष व्यास, राजीव राणा, भगवान सिंह पवार, माधवी गुप्ता, अरविंद पवार दीपक रावत, आरती, अंजू, अनिल पाल, मोहित कश्यप, राहुल कनौजिया, प्रियांशु कुमाई, तरुण त्यागी, पंकज सिंघल, प्रतीक गुप्ता, वीरेंद्र बर्थवाल, शिवम तिवारी, रंजन अंथवाल आदि उपस्थित थे। पार्षद राजेंद्र प्रेम सिंह बिष्ट और पार्षद संजय प्रेम सिंह बिष्ट ने सभी रक्तदाताओं का हार्दिक आभार किया।



# बसंत विहार में हुई चोरी की घटना का दून पुलिस ने किया खुलासा

### घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**देहरादून ( चिंगारी )।** थाना बसंत विहार में सुमित निवासी अंबीवाला द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि वह नेशनल हाईवे बनाने का कार्य कर रहे हैं तथा उनकी उमेदपुर/लक्ष्मीपुर स्थित साइट से अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रू0 मूल्य के जनरेटर बैटरी, लेजर पाइप, सरिया, स्टील आदि चोरी कर लिया है। तहरीर के आधार पर थाना बसन्त विहार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा थाना बसंत विहार पर गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का अवलोकन कर संदिग्धों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारियां एकत्रित की गई। जिसमें घटना स्थल से एक ई-रिक्शा संख्या: यू.के.-07-टीडी-9132 जाता हुआ दिखाई दिया। जानकारी के आधार पर सुरागरसी पतारसी करते हुए मुखबिर के कैमरों में दिखाई दिया ई-रिक्शा वर्तमान में पलवल रोड की ओर जा रहा है। जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त रिक्शा को रोककर चैक किया गया तो ई-रिक्शा को शान मोहम्मद पुत्र वकील अहमद नाम का व्यक्ति चला रहा था। ई-रिक्शा को चेक करने पर ई-रिक्शा के अंदर से 64 लेजर पाइप लोहे के, 06 एंगल बड़े व 08 एंगल छोटे बरामद हुए, जिनके सम्बन्ध में सख्ती से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा उक्त माल नेशलन हाइवे की साइट से चोरी किया जाना स्वीकार किया गया।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# कुलदीप बने नहटौर टॉपर



नहटौर (चिंगारी)। यूपी बोर्ड के घोषित परीक्षाफल में बलराम कुंवर विद्या मंदिर के छात्रों की मेहनत का फिर से डंका बजा। इंटरमीडिएट की परीक्षा में कॉलेज के छात्र कुलदीप कुमार ने 89 प्रतिशत अंक पाकर जिले में सातवां और नहटौर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में इशांत शर्मा ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में सातवां, नहटौर में प्रथम एवं सूर्या कुमार ने 91.67 प्रतिशत अंक पाकर जिले में नौवां और नहटौर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बृहस्पतिवार को कॉलेज में पहुंचे टॉपर छात्रों को प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, दिनेशपाल सिंह, अशोक कुमार, शैलेंद्र सिसोदिया आदि शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने अन्य छात्रों से भी प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि हाईस्कूल और इंटर का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा।

# गोली लगने से घायल सौरभ की उपचार के दौरान मौत



हीमपुर दीपा (चिंगारी)। चार दिन पूर्व सिसोना स्थित बैंकट हॉल के सामने हुये मामूली विवाद के बाद ग्राम रावटी में एक युवक को घर में घुसकर गोली मारने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने इस संबंध में दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। गोली का शिकार हुए युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए बिजनौर से हायर सेंटर रैफर मेरठ कर दिया था, जहां आज प्रात: उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के पिता सुदेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब 12 बजे वह अपने घर में सो रहे थे, तभी अचानक दरवाजे पर दस्तक हुई। दरवाजा खोलने पर बाहर खड़े तीन युवक, जिनकी पहचान अंकित, अतुल और एक अज्ञात व्यक्ति के रूप में हुई, जबरन घर के अंदर घुस आए। वे उनके बेटे सौरभ के बारे में पूछताछ करने लगे। उनका बेटा उस समय एक शादी समारोह में गया हुआ था, लेकिन इसी दौरान वह वापस घर आ गया। आरोप है कि जैसे ही सौरभ पहुंचा, तीनों आरोपियों ने उसे घेर लिया और उनमें से एक ने तमंचे से उसके सिर के दाहिने ओर सटाकर गोली चला दी। गोली शौरभ के सर को पार कर गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। भागते समय आरोपियों की एक लाल कलर की स्प्लेंडर मोटर बाइक मौके पर छूट गई थी, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लिया था। पुलिस ने सुदेश की शिकायत के आधार पर अंकित, अतुल और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। मृतक सौरभ सिंह तथा गोली चलाने का आरोपी अंकित एक ही स्कूल की वैन चलाते थे अन्य ड्राइवरों की मानें तो रोज स्कूल में एक साथ भोजन करते थे।

## सीबीएसई ने कक्षा 10वीं के दूसरे चक्र की डेटशीट जारी की

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने गुरुवार को 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के दूसरे चक्र (सेकेंड साइकिल) के लिए डेटशीट जारी कर दी है। इसके अनुसार, परीक्षाएं 15 से 21 मई, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष शुरू की गयी दो-परीक्षा प्रणाली के तहत, दूसरे चक्र की शुरुआत गणित (बेसिक और स्टैंडर्ड) के पेपर के साथ होगी और समापन 21 मई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा के साथ होगा। यह दूसरा प्रयास वैकल्पिक है और छात्रों को अधिकतम तीन विषयों में अपने स्कोर सुधारने का अवसर प्रदान करता है। इसमें हालांकि केवल वही छात्र पात्र होंगे जो मुख्य परीक्षा के कम से कम तीन विषयों में उपस्थित हुए थे, जो छात्र पहली परीक्षा में तीन या अधिक पेपरों में शामिल नहीं हो पाये थे, उन्हें इस चक्र में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।


भारत की दो बहादुर बेटियां "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स: Neal Rajput, Pranab Rajput, Roopali, Vanshika Singh, Avantika Rana, Avantika Malik
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928



पंजाबी सूट्स की स्पेशल वैरायटी
KIRAN ROYAL BOUTIQUE
Tradition Meets Elegance
We Specialize In:
• Designer Suit Collection
• Punjabi Traditional Wear
• Fancy Dupattas & Laces
• Stylish Sikh Turbans
• Kurta Pajama Sets
M. +91 9997142439, 7417812439
स्टेशन चौराहा, नजीबाबाद रोड, अपोजिट बीकानेर स्वीट्स, बिजनौर
@kiran_royal_boutique



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर